www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, शुक्रवार 7 फरवरी, 2020, माघ शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-09 अंक-1 पृष्ठ-16 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

अथक... अविरल... अनवरत...

■ नव प्रदेश की आठवीं वर्षगांठ पर आज

■ यादगार होगा लम्हा, सीएम भूपेश बघेल के मुख्यातिथ्य में समारोह

■ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

■ देश की जानी-मानी पत्रकार मृणाल पांडे बतौर प्रमुख वक्ता देंगी व्याख्यान

चाहिए खुद पे यकीन-ये-कामिल, हौसला किस का बढ़ाता है कोई

आज 8 साल के हो चुके नव प्रदेश के सफरनामे में इन पंक्तियों का भाव बखूबी छलकता है। अखबार लॉन्च करने की संकल्पना को मूर्त रूप देने से पूर्व कॉर्पोरेट में तब्दील हो चुके प्रिंट मीडिया के स्वरूप को लेकर हम भी थोड़ी सोच में जरूर थे, लेकिन खुद पर यकीन इससे कहीं ज्यादा था। इसी यकीन ने हमारे हौसले को उड़ान दी। अपने रास्ते खुद तय किए और बढ़ते चले गए...। कदम बढ़े भी तो इस तरह कि छत्तीसगढ़ का आवाम जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर अखबार की संवेदनशील लेखनी का मुरीद होकर इससे जुड़ता चला गया। यही वो दौर था जब हमारे हौसलों की उड़ान को मानों नए पंख लग गए। लोगों का जुड़ाव हमारी अथक, अविरल व अनवरत यात्रा में हर पल नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। इसी की बदौलत आज नव प्रदेश के रायपुर संस्करण ने आठ साल का अपना सफर पूरा कर लिया।

डर मुझे भी लगा फासला देख कर,
पर मैं बढ़ता गया रास्ता देख कर,
खुद ब खुद मेरे नजदीक आती गई;
मेरी मंजिल मेरा हौसला देख कर।

हर कदम बढ़ रहे छत्तीसगढ़ के संग...

अतिथि देवो भव की संकल्पना में अटूट आस्था रखने वाले छत्तीसगढ़ में लोगों को अपनत्व में कोई कमी महसूस नहीं होती। 1 नवंबर 2000 को गठित हमारे राज्य ने अपनी 19 साल की लघु यात्रा में ही परंपरा-संस्कृति व आधुनिकता का बेजोड़ तालमेल स्थापित कर

विकास व सफलता के नए आयाम छू लिए। 7फरवरी 2012 को छत्तीसगढ़ को अपनी इस यात्रा में नव प्रदेश के रूप में मानों नया हमराही मिल गया हो, जिसने छत्तीसगढ़ की आत्मा 'छत्तीसगढ़ी भाषा' को अपने अंतर्मन में स्थापित कर कदम रखने शुरू किए। कारवां बढ़ता गया और आज नव प्रदेश छत्तीसगढ़ के साथ ही मध्य प्रदेश व झारखंड से भी प्रकाशित हो रहा है।

यह प्रदेश का एकमात्र ऐसा अखबार बना, जिसकी नींव छत्तीसगढ़ में पड़ी और आज यह अन्य राज्यों से भी प्रकाशित हो रहा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ में हुए बदलावों के साथ कदमताल करते हुए पाठकों की रुचि को ध्यान में रखकर नव प्रदेश में भी बदलाव हुए, जिसे पाठकों ने सराहा भी। छत्तीसगढ़ी भाषा में सबसे पहले संपादकीय उपलब्ध कराने के साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति, तीज त्योहार व परंपराओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में शासकीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को अखबार में शीर्ष प्राथमिकता पर रखा गया। फिर बात चाहे स्थानीय त्योहार पर दी जाने वाली छुट्टियों की हो या बीते दिनों राजधानी रायपुर में संपन्न अंतरराष्ट्रीय स्तर के आदिवासी नृत्य महोत्सव की। राज्योत्सव के छत्तीसगढ़ी रंग व युवा महोत्सव में प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल द्वारा दिए गए नए सूत्रवाक्य 'खेलबो...जीतबो...गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' से प्रदेश के हर वर्ग का उत्साह देखते ही बन रहा है।

राज्य में बदलाव की इस बयार व इससे संबंधित नव प्रदेश की खबरों पर पाठकों की सराहना भरी प्रतिक्रिया हमारा मनोबल और ऊंचा करती हैं। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आने वाली आमजन से जुड़ी खबर हो या राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खबर, सभी को प्राथमिकता देकर हमने हमेशा जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश की। यही वजह रही कि हमारा सूत्र वाक्य भी 'प्रदेश के साथ पूरा देश, दैनिक नव प्रदेश' बन गया। नव प्रदेश के लोगो की अवधारणा भी अनोखी है। इसमें भगवद्गीता के श्लोक की पंक्ति-'आदित्यवर्ण तमसः परस्तात' उल्लेखित है, जिसका अर्थ है- 'अंधेरे को परास्त करती रोशनी' का पर्याय है नवप्रदेश। अर्थात निष्पक्ष पत्रकारिता व पाठकों के प्रति अटूट समर्पण। आठ साल का यह कामयाब सफर हमारे सुधी पाठकों की जागरूकता व हमें मिले उनके सहयोग से ही संभव हो पाया है। उम्मीद है कि हमारे प्रयासों को पाठकों का सहयोग इसी तरह मिलता रहेगा और हम भी उनकी अपेक्षाओं पर शत् प्रतिशत खरा उतरने सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे।

धन्यवाद

यशवंत धोटे
-प्रधान संपादक नव प्रदेश

'ग्रामीण अर्थव्यवस्था से समृद्ध होता छत्तीसगढ़' पर होगा व्याख्यान

नव प्रदेश की इस आठवीं वर्षगांठ के लम्हे को पाठकों व नव प्रदेश परिवार के हर सदस्य व सहयोगी के लिए यादगार बनाने शुक्रवार, 7 फरवरी 2020 को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मुख्यातिथ्य में रायपुर के होटल बेबीलान इंटरनेशनल में समारोह का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे। समारोह में बतौर प्रमुख वक्ता शिरकत करेंगी संडे नवजीवन, नेशनल हेराल्ड, कौमी आवाज, नई दिल्ली की ग्रुप सीनियर एडिटोरियल एडवायजर श्रीमति मृणाल पांडे। वे 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था से समृद्ध होता छत्तीसगढ़' विषय पर अपने विचार रखेंगी। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा रायपुर के महपौर एजाज ढेबर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

अतीत से लेकर आज तक साकार होती अवधारणा

नव प्रदेश

राजनीति के विपरीत ध्रुवों की फितरत एक यानि छत्तीसगढ़ के मोदी, भूपेश बघेल

नव प्रदेश

विपक्ष पर बरसे बघेल, फाइल झड़ाई और चीख-पुकार शुरू

***नव प्रदेश** अपने सूत्र वाक्य **'प्रदेश के साथ पूरा देश'** की संकल्पना पर काम करते आ रहा है। हालांकि उद्भव छत्तीसगढ़ की माटी पर होने से अपनी खबरों के माध्यम से अखबार ने राज्य के प्रति अपने दायित्व को सदैव शीर्ष पर रखा। यहीं नहीं अपनी अवधारणा के अनुरूप 12 पन्ने में लिपटे छत्तीसगढ़ के जन-मन के इस दैनिक दस्तावेज में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक घटनाक्रमों पर संपादकीय व प्रसंगवश के जरिए किए जाने वाले विश्लेषण भी अवचेतन मन को सक्रिय करने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं।*

एक नजर ऐसी ही कुछ खबरों व विशेष आलेखों पर...

कुटीर उद्योगों से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

निर्भया: एक साथ होगी फांसी

अयोध्या: श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट गठित

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
के आठवें स्थापना दिवस पर
बधाई एवं
शुभकामनाएँ
मान. ऋषि शर्मा
अध्यक्ष-नगर पालिका परिषद कवर्धा

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक
नव प्रदेश
के आठवें स्थापना दिवस पर
बधाई एवं
शुभकामनाएँ
ज्ञान प्रकाश बघेल
पूर्व पार्षद, न. पा. कवर्धा
श्रीमती उत्तरा-ज्ञानप्रकाश बघेल

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक
नव प्रदेश
के आठवें स्थापना दिवस पर
हार्दिक
शुभकामनायें
कलीम भाई
जिला महामंत्री ,कांग्रेस कमेटी कवर्धा

दैनिक
नव प्रदेश
के आठवें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनायें
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
मान. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मान. मोहम्मद अकबर जी
वनमंत्री छ.ग. शासन
क्या है इस जंगल के उपकार, मिट्टी, पानी और बयार,
मिट्टी, पानी और बयार, जिन्दा रहने के आधार।
वन ही जीवन है
जन कल्याणकारी योजना-
वनधन विकास (लघु वनोपज, की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर
महिला स्व सहायता समूह द्वारा खरीदी) हरियाली प्रसार,
मा. मुख्यमंत्री बांस विकास योजना, वाहन द्वारा घर पहुँच नि:शुल्क पौधा प्रदाय योजना,
वन्य प्राणी द्वारा नुकसानीपर क्षतिपूर्ति, पर्यावरण, वानिकी,
हरियर छत्तीसगढ़ कोष, ई.एस.आई.पी. (ESIP) GIM, JFMC, BMC, NGGB आदि।
अपील - सभी जन साधारण से विनम्र अनुरोध है कि वनों एवं वन्यप्राणियों की रक्षा करें।
वनों को अग्नि, अवैध कटाई, अतिक्रमण, और अवैध खनन से बचाए। वन है तो कल है
विनीत - समस्त सदस्य वन परिवार, कवर्धा वन मण्डल

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com

रायपुर, शुक्रवार 7 फरवरी, 2020, माघ शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-09 अंक-1 पृष्ठ-16 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

दैनिक नव प्रदेश अपने प्रकाशन के आठ साल पूरे कर आज से नवें वर्ष में पदार्पण कर रहा है। अखबार प्रकाशन के एक साल बाद इसमें आज बेबाक स्तंभ शुरू किया गया। जो पाठकों को किस कदर पसंद है इसका इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि कई प्रबुद्ध पाठक जिनके यहां कई अखबार आते है वे सुबह सवेरे सबसे पहले दैनिक नव प्रदेश को ही उठाते है और सबसे पहले आज बेबाक कालम ही पढ़ते है। ऐसे तमाम प्रबुद्ध पाठक ही हमारे प्रेरणाश्रोत है। दैनिक नव प्रदेश के सभी सुधी पाठकों का हम वंदन करते हैं, अभिनंदन करते है।

दिल्ली आलाकमान को रिपोर्ट कार्ड पेश, महंत और सिंहदेव से भी की चर्चा

सालाना रिपोर्ट कार्ड पास

भूपेश सरकार के कार्यों पर राहुल गांधी की मुहर

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। अपनी सरकार की सालाना रिपोर्ट कार्ड गुरुवार की शाम दिल्ली में राहुल गांधी को सिलसिलेवार पेस की। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्पीकर चरणदास महंत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और स्वास्थ्य मंत्री त्रिभुनेश्वर शरण सिंहदेव से प्रदेश सरकार के कामकाज का ब्यौरा लिया। बता दें कि उक्त मुलाकात और रिपोर्ट कार्ड के लिए पहले 4 फरवरी की तारीख मुकर्रर थी। लेकिन, दिल्ली चुनाव के मद्देनजर भूपेश केबिनेट के वरिष्ठ मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को एक साथ सोनिया गांधी व राहुल गांधी से मिलने के लिए आज 6 फरवरी को शाम 4 बजे का वक्त निर्धारित किया गया था। चुनाव के चलते बदली गई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- ■ धान खरीदी वादा, कर्ज माफी पर सीएम की सराहना
- ■ कार्यों और कार्यक्रमों से लेकर बजट तक की समीक्षा
- ■ घोषणाओं पर महंत, ताम्रध्वज, सिंहदेव से भी चर्चा

सभी वर्गों के लिए लाभदायक बजट बनाने दिए सुझाव

दिल्ली में राहुल गांधी के निवास पर प्रदेश के टॉप नेताओं के साथ बैठक संपन्न हो गई. सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में राहुल गांधी ने प्रदेश नेतृत्व को सबको साथ लेकर चलने की नसीहत दी है. बातचीत की शुरुआत सरकार की उपलब्धियों से हुई. उन्होंने प्रदेश सरकार के कामकाज की सराहना की. सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी से मुलाकात में सरकार के कामकाज को लेकर बातचीत में राहुल गांधी ने सभी वर्गों और क्षेत्रों को साथ लेकर चलने के निर्देश दिए. साथ ही कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखने के निर्देश दिए।

मौसम ने ली करवट, दिन में रात सा एहसास

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मौसम ने गुरुवार को फिर करवट ली। काले घने बादल के साथ राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई इलाकों में बारिश, कोहरे की वजह से सर्दी का कहर जारी है। दिन में रात का एहसास कराने वाली बेमौसम बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 7 और 8 फरवरी के लिए ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। प्रदेश के बलरामपुर जिला और उससे लगे छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग में एक दो स्थानों पर बादल गरजने के साथ ही ओलावृष्टि की अति संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मौसम में बदलाव के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- ■ ओलावृष्टि की चेतावनी, बारिश, कोहरे से बढ़ी सर्दी

भूपेश केबिनेट की बैठक आज, बजट पर होगी चर्चा

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र को देखते हुए भूपेश मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक में बजट प्रस्तावों पर चर्चा कर मुहर लगाई जा सकती है। विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है जो 1 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र में सरकार वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए मुख्य बजट लाएगी। बजट के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी मंत्रियों के साथ बारी-बारी बैठक कर उनके विभागों के सम्बद्ध में बजट प्रस्तावों पर चर्चा कर चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि भूपेश मंत्रिपरिषद की आगामी दिनों में होने वाली बैठक में इन प्रस्तावों पर चर्चा कर मुहर लगाई जा रही सकती है। संभवतः मंत्रिपरिषद की अगली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में बोले पीएम मोदी

कश्मीर में सिर्फ जमीन दिखना बौद्धिक दरिद्रता की निशानी

- ■ देश के किसी भी हिस्से के हालात नहीं बिगड़ने दिए जाएंगे

नई दिल्ली वार्ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर के कुछ बड़े नेताओं की गिरफ्तारी को जायज ठहराते हुये गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर सहित देश के किसी भी हिस्से के हालात बिगड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुये कहा, कश्मीर में जिनको सिर्फ जमीन दिखती है, वह उनकी बौद्धिक दरिद्रता का परिचायक है। कश्मीर भारत का मुकुटमणि है। कश्मीर की पहचान बम, बंदूक और अलगाववाद की बना दी गई थी। उन्नीस जनवरी 1990 (जिस दिन लाखों हिंदुओं को कश्मीर घाटी से भागना पड़ा था) की काली रात को कुछ लोगों ने कश्मीर की पहचान को दफना दिया था। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अपनी बात

नौ साल का नौनिहाल

दैनिक नव प्रदेश *आज अपने प्रकाशन का आठ साल पूरा कर नवें वर्ष में पदार्पण कर रहा है। अभी यह नौ साल का नौनिहाल है, जिसने पत्रकारिता के कंटकपूर्ण पथ पर नवपग ही धरे है। इस बीच दैनिक नव प्रदेश ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से अपना प्रकाशन प्रारंभ करने के बाद प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर से भी प्रकाशन शुरू कर दिया। अब मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल और झारखण्ड की राजधानी रांची से भी दैनिक नव प्रदेश के संस्करण प्रकाशित हो रहे है। हमे इस बात का संतोष है कि नौ साल की अल्पअवधि में दैनिक नव प्रदेश ने छत्तीसगढ़ की सीमा लांघ कर दो पड़ोसी राज्यों की राजधानीयों में अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज कराने में सफलता हासिल की है। इसका सारा श्रेय हम अपने कृपालु पाठकों को देते हैं जिन्होने अपने असीम स्नेह से इस अखबार को सींचा और पुष्टित व पल्लवित किया है। दैनिक नव प्रदेश की टीम के हर सदस्य ने इसके लिए कठोर परिश्रम किया है। हमारी हर संभव कोशिश रही है कि दैनिक नव प्रदेश पाठकों की कसौटी पर खरा उतरे। इसमें हम कहां तक सफल हुए है इसके पास-फेल का फैसला हम अपने पाठकों पर ही छोड़ते है। दैनिक नव प्रदेश संभवतः ऐसा पहला अखबार है जिसने सोशल मीडिया को सबसे ज्यादा महत्व दिया है। विगत सात वर्षों से दैनिक नव प्रदेश में पत्र प्रतिक्रिया और सोशल मीडिया नामक कॉलम नियमित रूप से प्रकाशित किया जा रहा है। जिसमें न सिर्फ इस प्रदेश के बल्कि देश और विदेश के भी प्रबुद्ध लोगों का रचनात्मक सहयोग हमें मिल रहा है। नौ वर्षीय इस नौनिहाल से अपने अखबारी दायित्व के निर्वहन में यदी कभी कोई गलती हुई हो तो हम क्षमा प्रार्थी है। कहते है न कि क्षमा बड़न को चाहिए छोटन को उत्पात। दैनिक नव प्रदेश आप का अपना अखबार है इसे और बेहतर बनाने के लिए आप अपने विचारों और सुझावों से हमें अवगत कराएं। दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस पर हम सभी के स्नेहिल सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते है। आशा ही नहीं वरण पूर्ण विश्वास है कि दैनिक नव प्रदेश परिवार को आप सभी का आशिर्वाद आगे भी प्राप्त होता रहेगा। अंत में एक बार फिर आप सभी साथियों, सहयोगियों, शुभचिंतकों और आलोचकों की नवाजिशों का शुक्रिया अदा करते है इन पंक्तियों के साथ- अक्सर वो अंधेरे जुगनुओं का शुक्रिया अदा करना भूल जाते है, जिनकी रौशनी थोड़ी ही सही जहान को रौशन करने की कोशिश तो करते हैं...।*



बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश के बेमिसाल 8 साल पूरे होने
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण
मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक-6 नंदेलीभांठा सक्ती, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

दैनिक नवप्रदेश के बेमिसाल 8 साल
पूरे होने पर हार्दिक बधाई
अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण
हसदेव सब माईनर उपसंभाग क्रं. 3 सक्ती, जिला-जांजगीर चांपा

दैनिक नवप्रदेश के बेमिसाल 8 साल
पूरे होने पर हार्दिक बधाई
अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण
जांजगीर शाखा नगर उपसंभाग क्रं. 4 सक्ती जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

दैनिक नवप्रदेश के बेमिसाल 8 साल
पूरे होने पर हार्दिक बधाई
सुधीर कुमार अग्रवाल
विष्णु सर्विस सेंटर, सक्ती जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

दैनिक नवप्रदेश के बेमिसाल 8 साल
पूरे होने पर हार्दिक बधाई
अनुविभागीय अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण
मिनीमाता बांगो बांध उपसंभाग क्रं.-5 सक्ती, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सरकार आपको दे रही है!
बेहतर शिक्षा
स्वास्थय सुविधाएं
आवास
रोजगार एवं उद्योग
सड़कें एवं पुल
सुरक्षा एवं न्याय
नक्सलवाद आपको क्या दे रहे हैं?
अशिक्षा
बिमारियाँ
आवासहीन
बेरोजगारी
क्षतिग्रस्त सड़कें/पुल
हिंसा एवं मौत
महासमुंद पुलिस द्वारा जनहित में...
जितेन्द्र शुक्ल
पुलिस महानिदेशक, महासमुंद

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री की रेडियोवार्ता 'लोकवाणी' की सातवीं कड़ी का प्रसारण 9 को

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की सातवी कड़ी का प्रसारण आगामी रविवार, 9 फरवरी को होगा। लोकवाणी में इस बार 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम' विषय पर बात होगी। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. तथा क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं, सवालों और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता प्रारंभ की है।

लापता स्कूली बच्चों का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

रायपुर। राजधानी रायपुर के टाटीबंध स्थित भारत माता स्कूल के लापता हुए चारों बच्चों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ज्ञात हो कि भारत माता स्कूल में पढ़ने वाले चार बच्चे मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन स्कूल नही पहुंचे और सभी लापता हो गए। लापता हुए बच्चों में दो लड़की एवं दो लड़के है। सभी की उम्र 14 से 15 वर्ष है। पुलिस ने परिजनों की की सूचना पर मामले में फिलहाल अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश में लगी हुई है। बच्चों को ढूंढने के लिए पुलिस बच्चों के घर के पास से लेकर स्कूल तक सारे लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल चुकी है। सीसीटीवी कैमरे के अनुसार बच्चे यूनिफार्म में स्कूल तक आते देखे है लेकिन स्कूल के अंदर नहीं गए और लापता हो गए। पुलिस बच्चों की तलाश में सर्चिंग तेज कर दी है।

भूपेश मंत्रिमंडल की बैठक में बजट प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र को देखते हुए भूपेश मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक में बजट प्रस्तावों पर चर्चा कर मुहर लगाई जा सकती है। विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है जो 01 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र में सरकार वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए मुख्य बजट लाएगी। बजट के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी मंत्रियों के साथ बारी-बारी बैठक कर उनके विभागों के सम्बद्ध में बजट प्रस्तावों पर चर्चा कर चुके है। संभावना जतायी जा रही है कि भूपेश मंत्रिपरिषद की आगामी दिनों में होने वाली बैठक में इन प्रस्तावों पर चर्चा कर मुहर लगाई जा रही सकती है। संभवतः मंत्रिपरिषद की अगली बैठक 8 फरवरी को हो सकती है। मंत्रिपरिषद की बैठक में धान खरीदी के साथ-साथ बेमौसम बारिश से हुई फसलों के नुकसान की भी समीक्षा की जा सकती है।

पुरानी रंजिश के चलते नाबालिग की पिटाई, मामला दर्ज

रायपुर। पुरानी रंजिश के चलते रास्ता रोककर गाली गलौज कर हाथ मुक्का व डंडा से नाबालिग की पिटाई किये जाने की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी भाठागांव पुरानी बस्ती निवासी पीयुष साहू 17 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बुधवार को भाठागांव दंतेश्वरी मंदिर के पास पुरानी रंजिश के चलते जेठली एवं उसके साथियों ने प्रार्थी का रास्ता रोककर हाथ मुक्का व डंडे से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

अलग-अलग थाना क्षेत्र में जुआ खेलते 20 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती, कोतवाली, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में जुआ खेलते पाये जाने पर पुलिस ने 20 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 27 हजार 6 सौ 20 रुपये एवं ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने जुआ खेलने की सूचना पर भैया तालाब के पास पुरानी बस्ती में अनिल कुमार निषाद 30 वर्ष एवं अन्य तीन जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार कर उनके पास से 4 हजार 5 सौ रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है। इसी तरह कोतवाली थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नगर निगम कार्यालय के पार्किंग में जुआ खेलते मनोज रावत एवं अन्य आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 17 हजार 3 सौ 50 रुपये व ताश की 52 पत्ती जब्त किया है।

एक्टिवा के हैंडल में टंगा पर्स पार, मामला दर्ज

रायपुर। बैंक के सामने खड़ी एक्टिवा से पर्स चोरी किए जाने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अश्वनी नगर शिव वाटिका के सामने पुरानी बस्ती निवासी प्रीति गुप्ता 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां ने अपनी एक्टिवा बैंक के सामने खड़ी किया था। एक्टिवा के हैंडल में टंगी पर्स जिसमें 15 हजार रुपये नगदी, जरूरी कागजात रखे हुए थे उसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

नगरीय प्रशासन मंत्री के साथ महापौर ने किया राजीव आवास का निरीक्षण

रायपुर। राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिव कुमार डहरिया के साथ ही राजधानी के नवनिर्वाचित महापौर एजाज ढेबर ने आज शहर के हॉट बाजार, मेडिकल काम्प्लेक्स आदि का निरीक्षण किया। नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के साथ महापौर एजाज ढेबर, उत्तर के विधायक कुलदीप जुनेजा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा और नगरीय प्रशासन विभाग के अफसरों की एक टीम ने आज शहर के लोधीपारा स्थित हॉट-बाजार का निरीक्षण किया।

सुपेबेड़ा की तरह किडनी रोग से प्रभावित आंध्रप्रदेश के उदानम के अध्ययन दौरे पर राज्य की टीम

मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने किडनी रोग विशेषज्ञों की सलाह पर अध्ययन के लिए उदानम जाने के दिए थे निर्देश

■ 22 सदस्यीय दल में विशेषज्ञ, अधिकारी और ग्रामीण शामिल,

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में किडनी रोग से पीड़ितों को राहत दिलाने और इसके कारणों का पता लगाने स्वास्थ्य विभाग की टीम आंध्रप्रदेश के अध्ययन भ्रमण पर है। आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के उदानम विकासखंड के कुछ गांवों के लोग भी सुपेबेड़ा की तरह किडनी रोगों से पीड़ित हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम वहां पीड़ितों के इलाज, पुनर्वास और बीमारी के कारणों का पता लगाने विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं शासन-प्रशासन द्वारा किए जा रहे उपायों व इसके असर का अध्ययन करेगी।

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली के प्रख्यात किडनी रोग विशेषज्ञों डॉ. विजय खेर और डॉ. विवेकानंद झा ने हाल ही में सुपेबेड़ा का दौरा कर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव से मुलाकात की थी। उनके द्वारा आंध्रप्रदेश के उदानम में भी सुपेबेड़ा जैसी समस्या की जानकारी देने पर मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को वहां के अध्ययन दौरे के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने विशेषज्ञों, अधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों की टीम वहां भेजी है। अध्ययन दल वहां भ्रमण कर पीड़ितों, विशेषज्ञों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य विभाग और आंध्रप्रदेश सरकार के अधिकारियों से चर्चा कर किडनी पीड़ितों के इलाज व बीमारी के कारणों का पता लगाने किए जा रहे उपायों की जानकारी लेगी।

अध्ययन दल में राज्य स्तरीय टीम में रायपुर मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडीसिन के विभागाध्यक्ष और चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. निर्मल वर्मा, एम्स (AIIMS) रायपुर के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय राठौर, सी.के.डी. (Chronic Kidney Disease) के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में सी.के.डी. सलाहकार डॉ. रणवीर सिंह बघेल शामिल हैं। देवभोग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप-अभियंता श्री बी.एस. सिदार, गैर-संचारी रोग के एफएल.ओ. श्री तेजस राठौर और फॅार्मासिस्ट श्री भूपेन्द्र चन्द्राकर के साथ सुपेबेड़ा के 14 लोग भी अध्ययन दल के साथ गए हैं। इन 14 लोगों में सुपेबेड़ा के पंचायत प्रतिनिधि, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और इलाज के बाद किडनी रोग से मुक्त हुए दो ग्रामीण भी शामिल हैं।

एनजीओ घोटाले की जांच सीबीआई डीएसपी प्रसाद करेंगे

■ आईएएस अफसरों को हालिया राहत, सीबीआई ने अज्ञात के खिलाफ केस किया दर्ज

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। एक हजार करोड़ के कथित एनजीओ घोटाले में वर्तमान व पूर्व पांच आईएएस अफसरों समेत 12 अधिकारियों को सीबीआई की एफआईआर में फौरी तौर पर राहत मिली है। सीबीआई के एंटी करप्शन ब्यूरो के भोपाल विंग ने जो अपराध दर्ज किया है, उसमें किसी भी अफसर का नाम नहीं है। इससे अफसरों ने राहत की सांस ली है। दरअसल, कथित घोटाले में सीनियर अफसरों के खिलाफ आरोप लगे थे। हाईकोर्ट ने प्रकरण में सीबीआई को अपराध दर्ज करने का आदेश दिया था, जबकि किसी अफसर के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज करने का उल्लेख नहीं था। यह प्रकरण सामने आने के बाद याचिका में जो भी पक्षकार हैं, उनके खिलाफ अपराध दर्ज करने की चर्चा छिड़ गई थी। आज जब सीबीआई ने अपराध दर्ज किया तो उसमें आरोपियों के स्थान पर अज्ञात लिखा है। अब सीबीआई जांच के बाद यह तय करेगी कि किसे आरोपी बनाना है। प्रकरण की जांच सीबीआई के डीएसपी आशीष प्रसाद करेंगे।

डेंटल कालेज में मानदेय बढ़ाने 48 घंटे का टूल डाउन

■ दस साल से मानदेय वृद्धि की बाट जोह रहे इंटर्नस ने किया प्रदर्शन

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। दंत चिकित्सा महाविद्यालय मे कार्यरत इंटर्नशिप एवं पोस्टिंग 2015 बैच डॉक्टर्स के द्वारा 48 घंटे तक काम ना करने का बहिष्कार प्रदर्शन किया जा रहा है। इसे लेकर रायपुर के डेंटल कॉलेज में इंटर्न्स एवं पोस्टिंग 2015 बैच के डॉक्टर्स द्वारा उनके वेतन मे वृद्धि ना होने के कारण प्रदर्शन किया जा रहा है। इंटर्नस एवं पोस्टिंग 2015 बैच के डॉक्टर्स ने बताया कि इंटर्न की मानदेय मे विगत 10 वर्षों से प्रशासन द्वारा वृद्धि नहीं हुई है। जबकि महंगाई का स्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मानदेय राशि में वृद्धि करने की मांग लिए बैठे डेंटल कॉलेज के विद्यार्थियों ने बताया कि इन्होंने संबंध में कई बार प्रशासन से निवेदन किया है किंतु इस विषय पर विचार नहीं किया गया।

बता दें कि 6 व 7 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सभी इंटर एवं पोस्टिंग बैच द्वारा संपूर्ण कार्यों का बहिष्कार कर प्रदर्शनकारियों किया जा रहा हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर अपनी मांग से शासन को अवगत कराने चाहते हैं। वहीं उन्होने मानदेय राशि में वृद्धि व संशोधन करने की बात कही।

आचार संहिता समाप्त, अब शुरू होंगे ढाई माह से रुके काम

रायपुर। आज से छत्तीसगढ़ में आचार संहिता खत्म हो गयी है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय और फिर पंचायत चुनाव की प्रक्रिया खत्म हो जाने के बाद आज से आचार संहिता खत्म हो गयी है। अब से कुछ देर बाद प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव आयुक्त ठाकुर राम सिंह इसकी जानकारी देंगे। आपको बता दें कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव दोनों बहुत ही सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। आपको बता दें कि 25 नवंबर को निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता का ऐलान किया गया था। करीब ढ़ाई महीने तक आचार संहिता प्रदेश में प्रभावी रहे। माना जा रहा है कि अब आचार संहिता खत्म होने के बाद प्रदेश के कई योजनाओं के रूके कामों में तेजी आयेगी। राशन कार्ड का भी अब वितरण शुरू हो जायेगा। शहरी निकायों और पंचायतों में भी पेंडिंग वर्क का ऐलान करने के साथ ही सारे भुगतान और नए निर्माण के लिए काम में तेजी आएगी।

निकाय और पंचायत चुनाव के लिए लगी आचार संहिता खत्म करने का आज ऐलान

घना कोहरा : कम दृश्यता से विमानसेवा बुरी तरह से प्रभावित

रायपुर। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में बिगड़े मौसम के मिजाज ने हवाई सेवा को बुरी तरह से प्रभावित करना शुरू कर दिया है। बुधवार की तरह आज भी सुबह राजधानी पहुंचने वाले विमानों पॉयलटों को कम दृश्यता ने काफी परेशान किया। इसी के चलते दिल्ली से रायपुर आने वाली फ्लाइट को एयरपोर्ट अथॉरिटी ने नागपुर डाइवर्ट कर दिया। सूत्रों ने बताया कि सुबह की दिल्ली से आने वाली फ्लाइट 469 दिल्ली से रायपुर के लिए उड़ान भरी। लेकिन रायपुर में घने कोहरे की वजह से फ्लाइट रायपुर एयरपोर्ट में लैण्ड नहीं कर पाई और 8:12 मिनट में उसे नागपुर डाइवर्ट कर दिया गया। ज्ञात हो कि कल भी दिल्ली-रायपुर, हैदराबाद-रायपुर, बैंगलोर-रायपुर के साथ ही कोलकाता से आने वाली फ्लाइट कम दृश्यता के कारण आसमान में काफी समय तक चक्कर लगाती रही और किसी तरह एयरपोर्ट में लैण्ड कर सकी।

4 लाख लोन देने का झांसा देकर 21 लोगों से ठगी, मामला दर्ज

रायपुर। लोन देने झांसा देकर 21 लोगों से फोसेसिंग फीस के नाम पर 1 लाख 59 हजार रुपये लेकर आरोपी फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट मौदहापारा थाने में दर्ज की गई है। राष्ट्रीय न्यूज सर्विस को मिली जानकारी के अनुसार वृंदानगर बोरसी जिला दुर्ग निवासी जावेद अली 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बालाजी कन्सलटेंसी का पाम्पलेट मिला जिसमें मो.न. 9953012821 एवं 7470674268 लिखा था। मोबाइल फोन कॉल करने पर पता चला कि श्री बालाजी कन्सलटेंसी ड्रिमलेन्ड मनी सोलीयुशन प्रावेट लिमिटेड आरडीए बिल्डींग जोरापारा में है जो सालाना 5 प्रतिशत ब्याज में लोन देती है जिसमें एजुकेशन लोन,प्रोपटी लोन, सेलरी, ग्रुपलोन, समूहलोन इत्यादि लोन कराती है। लोन लेने के लिये डाकुमेंट ,फोटो आईडी, आधार कार्ड की छायाप्रति एंव पास बुक की फोटो कापी एवं दो स्टाम्प पेपर कार्यालय मे जमा करने के लिए बोला जाता था।

NATIONAL TESTING AGENCY
Excellence in Assessment
(उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An autonomous organization under the Department of Higher Education, Ministry of Human Resource Development, Government of India)
संयुक्त प्रवेश परीक्षा जे.ई.ई.(मुख्य)अप्रैल-2020
सार्वजनिक सूचना
7 फरवरी, 2020

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने जे.ई.ई.(मुख्य) जनवरी-2020 परीक्षा NITs, IIITs और अन्य केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (CFTIs) आदि में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 06.01.2020 (सोमवार) से 09.01.2020 (गुरुवार) के बीच आयोजित की है और परीक्षा परिणाम 17.01.2020 तथा 23.01.2020 को घोषित किया गया है।

अब, एनटीए 05.04.2020, 07.04.2020 से 09.04.2020 तथा 11.04.2020 के बीच NIT, IIIT और अन्य केंद्र शासित तकनीकी संस्थानों (CFTIs) में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए जे.ई.ई(मुख्य)अप्रैल-2020 परीक्षा आयोजित करने की घोषणा करता है।

वे अभ्यर्थी जो पहले जेईई (मुख्य) जनवरी-2020 परीक्षा में उपस्थित हो चुके हैं, वे चाहें तो जे.ई.ई.(मुख्य) अप्रैल-2020 परीक्षा में सुधार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। जो अभ्यर्थी जेईई (मुख्य)जनवरी-2020 परीक्षा में उपस्थित नहीं हो सके थे, वे भी जे.ई.ई (मुख्य)अप्रैल-2020 परीक्षा में उपस्थित हो सकते हैं। मेरिट लिस्ट/रैंकिंग तैयार करने के लिए किसी भी अभ्यर्थी के दो में से सबसे अच्छे एन.टी.ए. स्कोर पर विचार किया जाएगा।

बी.आर्क और बी. प्लानिंग की पात्रता मानदंड के अनुसार एवं विषय विशेषज्ञों की राय के अनुसार बी.ई./बी.टेक, बी.आर्क. और बी. प्लानिंग के प्रश्नपत्र के प्रारूप एवं प्रश्नों की संख्या में परिवर्तन किये गये हैं, जिनका अनुमोदन जैब (JAB) द्वारा किया गया है। इन्हें जे.ई.ई(मुख्य),जनवरी-2020 परीक्षा में भी लागू किया गया था।

प्रश्नपत्र का नया पैटर्न नीचे दिया गया है:

पेपर	विषय	प्रश्नों की संख्या	प्रश्नों के प्रकार	परीक्षा की समयावधि (भारतीय मानक समय) प्रथम पाली	द्वितीय पाली
B.E./B.Tech.	गणित	25(20+5)	20 वस्तुनिष्ठ प्रकार - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) और 5 प्रश्न जिनका उत्तर संख्यात्मक मान के रूप में होगा, गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान का बराबर भारांश	09:30 a.m. to 12:30 p.m.	02:30 p.m. to 05:30 p.m.
	भौतिक विज्ञान	25(20+5)			
	रसायन विज्ञान	25(20+5)			
B. Arch.	गणित - भाग I	25(20+5)	20 वस्तुनिष्ठ प्रकार - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) और 5 प्रश्न जिनके लिए उत्तर संख्यात्मक मान है	09:30 a.m. to 12:30 p.m.	02:30 p.m. to 05:30 p.m.
	अभिक्षमता परीक्षा - भाग II	50	वस्तुनिष्ठ प्रकार बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)		
	ड्राइंग परीक्षा - भाग III	2	ड्राइंग परीक्षा के लिए प्रश्न		
B. Planning	गणित - भाग I	25(20+5)	20 वस्तुनिष्ठ प्रकार - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) और 5 प्रश्न जिनके लिए उत्तर संख्यात्मक मान है	02:30 p.m. to 05:30 p.m.	
	अभिक्षमता परीक्षा - भाग II	50	वस्तुनिष्ठ प्रकार बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)		
	योजना आधारित प्रश्न - भाग III	25	वस्तुनिष्ठ प्रकार बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)		

नोट : बी.आर्क और बी. प्लानिंग (दोनों) का चयन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा का समय अपराह्न 02:30 से 06:00 (भारतीय मानक समय) तक होगा।

उपर्युक्त सभी परीक्षाएं, बी आर्क की ड्राइंग परीक्षा के प्रश्नों को छोड़कर, केवल "कंप्यूटर आधारित परीक्षा" (CBT) मोड में आयोजित की जाएंगी। बी.आर्क. की ड्राइंग परीक्षा "कागज-कलम" (ऑफलाइन) मोड में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार पाठ्यक्रम के आधार पर बी.ई./बी.टेक, बी.आर्क.,बी.प्लानिंग में उपस्थित हो सकते हैं।

वर्ष 2020 में आईआईटी में पूर्वस्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को भी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य)-2020 की बी.ई./बी.टेक परीक्षा में उपस्थित होना पड़ेगा। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य)-2020 के बी.ई./बी.टेक परीक्षा परिणाम के आधार पर, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) की आवश्यकता के अनुसार, शीर्ष अभ्यर्थी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड)-2020 में उपस्थित होने के पात्र होंगे। आईआईटी में प्रवेश, संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) में श्रेणीवार अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) पर आधारित होगा, जो संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड)-2020 की वेबसाइट पर उपलब्ध शर्तों के अधीन होगा।

परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट www.nta.ac.in पर उपलब्ध संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) अप्रैल 2020 का विस्तृत सूचना बुलेटिन देख सकते हैं।

जे.ई.ई.(मुख्य)अप्रैल-2020 परीक्षा में उपस्थित होने के लिए, उम्मीदवारों को 07.02.2020 (शुक्रवार) से 06.03.2020 (शुक्रवार) के बीच केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। शुल्क का भुगतान 07.03.2020 तक ऑनलाइन किया जा सकता है।

davp 21354/11/0014/1920
वरिष्ठ निदेशक, एन.टी.ए.

संपादकीय

कोरोना वायरस का कहर

चीन में जानलेवा कोरोना वायरस ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। अब तक वहां लगभग 500 लोगों की मौत हो गई है और लगभग 25000 लोग कोरोना वायरस की चपेट में आ चुके है। जिनमें से लगभग 3000 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। कोरोना का यह कहर अब चीन से बाहर भी टूट सकता है। दर्जन भर देशों में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की पहचान हुई है जिनमें भारत भी शामिल है। भारत के केरल राज्य में कोरोना संक्रमित कुछ लोगों की पहचान हुई है जिनका उपचार जारी है। इस खतरनाक कोरोना वायरस से निपटने के लिए भारत सरकार ने रक्षात्मक कदम उठाएं हैं। सभी सरकारी और निजी चिकित्सालयों में इसके लिए आवश्यक उपाय किए गए है। कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज का उपचार चिकित्सकों के लिए एक बड़ी चुनौती है क्योंकि अभी तक इसका कोई इलाज नहीं ढूंढा जा सकता है। चीन तो जैसे तैसे कोरोना वायरस के कहर से बचने के लिए एहतियाती कदम उठा रहा है लेकिन भारत जैसे अन्य और कई देश ऐसे है जिन्हे कोरोना वायरस के खतरे से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। कोरोना वायरस में चीन की अर्थव्यवस्था को भी चौपट कर दिया है। जिसका सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। गौरतलब है कि भारत चीनी उत्पादों का सबसे बड़ा खरीददार है। चीन में कोरोना वायरस के कहर के कारण विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते पहले ही मंदी की मार झेल रहे भारत की मुसीबतें और बढ़ सकती है। कोरोना वायरस अर्थव्यवस्था के लिए किस कदर खतरनाक साबित हो सकता है इसे इस एक उदाहरण से समझा जा सकता है कि केरल में कोरोना वायरस से संक्रमित कुछ लोगों का पता चलते ही लोगो ने केरल यात्रा का कार्यक्रम ही रद्द कर दिया है। केरल देश का प्रमुख पर्यटक राज्य के रूप में जाना जाता है जहां साल के बरहों महिने देश विदेश के पर्यटक वहां की प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए जाते है और केरल सरकार को पर्यटन उद्योग से अच्छी खासी कमाई होती है किन्तु अब लोगों ने केरल का रूख करना ही छोड़ दिया है। यदि कोरोना वायरस देश के अन्य हिस्सों में दस्तक देगा तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। क्यों कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने का अब तक कोई उपाय नहीं किया जा सकता है। इस लिए इस वायरस से बचाव ही इसके कहर से बचने का एकमात्र उपाय रह जाता है। इसके लिए सरकार को ही नहीं बल्कि देश के तमाम सामाजिक स्वयं सेवी संगठनों को आगे आना चाहिए और लोगों को जागरूक बनाना चाहिए। खास तौर पर लोगों को मांसाहार से परहेज करना होगा और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। इस तरह की सावधानी बरत कर ही कोरोना के कहर से काफी हद तक बचाव हो पाएगा।

सरकार थोड़ी हिम्मत और करे

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत में जनता के क्रोध का जो बरगद उग आया है, सरकार ने उसकी डालें और पत्ते तो तोड़ दिए हैं लेकिन उसकी जहरीली जड़ ज्यों की त्यों है। गृह राज्य मंत्री ने संसद में साफ़ साफ़कह दिया है कि इस समय देश में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर जैसी कोई चीज बनने ही नहीं जा रही है। इस संबंध में सरकार ने कोई फैसला ही नहीं किया है। उन्होंने सांसदों से यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर तैयार करते वक्त याने जन-गणना करते वक्त नागरिकों को बिल्कुल भी तंग नहीं किया जाएगा। उन्हें कोई भी दस्तावेज दिखाने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। वे चाहेंगे तो ही अपना आधार कार्ड दिखाएंगे। दूसरे शब्दों में इस जन-गणना के दौरान नागरिकता अपने आप में कोई मुद्दा ही नहीं होगा। भारत में उस समय जो भी रहता हुआ मिलेगा, उसे गिन लिया जाएगा। यह तो बहुत अच्छी बात है लेकिन देश में जो विवाद चल रहा है, जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं, विदेशों में भारत की बदनामी हो रही है, वह इसके कारण थोड़े ही हो रही है। वह हो रही है- नागरिकता रजिस्टर और नए नागरिकता कानून के कारण। इसमें से पहले हिस्से पर तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रश्न-चिन्ह लगा दिया था।

नवप्रदेश...ऐसे तय हुआ दैनिक पत्रकारिता का नवपथ

नवा या नया ऐसा क्रांतिकारी शब्द है जो किसी परिपाटी की नई शुरुआत या फिर परंपरा के नए सोपानों को तय करता है। बीते 8 बरस में ऐसे ही नवोत्कर्ष को अपने उद्देश्यों में समाहित करने की शुरुआत नवप्रदेश शब्द से आरंभ हुई। जी हां, नई परंपरा, नई जिम्मेदारियां और नया पथ पत्रकारिता का तय करने के लिए साप्ताहिक नवप्रदेश समाचार पत्र का प्रकाशन 10 जून 2010 को नवा प्रदेश छत्तीसगढ़ के गठन के 10 बरस बाद शुरु किया गया। अल्प समय में ही जल, जंगल, जमीन और गांव के साथ किसान के विकास पर आधारित पत्रकारिता करते नवप्रदेश को पाठकों का ऐसा प्रतिसाद मिला कि साप्ताहिक समाचार पत्र दैनिक नवप्रदेश बन गया।

दैनिक बनने का वह सफर 7 फरवरी 2012 से अनवरत जारी है। महज 8 बरस में ही सुपोषित दैनिक नवप्रदेश बनने के पीछे 7 का वह अंक अब नवप्रदेश दैनिक के तौर पर आज 7 फरवरी 2020 से ऐसे घुलमिल गया है मानों दूध में शक्कर।

दैनिक नवप्रदेश अपनी शुरूआत के साथ ही प्रदेश का एकमात्र ऐसा समाचार पत्र बन चुका है जिसमें पूरे प्रदेश की खबरों को एक साथ पढ़ा जा सकता। नवप्रदेश छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जाने लगा जिसका हमें बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला। साप्ताहिक नवप्रदेश की मांग बढ़ने लगी जिसके बाद छत्तीसगढ़ के सभी पंचायतों में डाक के माध्यम से इसकी शुरूआत की गई। जो आज तक शुचारू रूप से जारी है। साप्ताहिक नवप्रदेश में सबसे प्रदेश की राजभाषा छत्तीसगढ़ी में खबरों का प्रकाशन किया गया जिसके बाद अनेक पाठकों की मांग के अनुरूप छत्तीसगढ़ी भाषा में लेख, आलेख, कविताएं का प्रकाशन करना भी शुरु किया।

साप्ताहिक नवप्रदेश ने बहुत कम समय में पाठकों के बीच अपनी पैठ जमा ली जिसके बाद वह निरंतर नए सोपानों की ओर अग्रसर है। संघर्ष से सामर्थ का दैनिक नवप्रदेश की सफलता का अगर कोई असली हकदार है तो वह है हमारा लाडला प्रदेश छत्तीसगढ़ और सभी छत्तीसगढ़िया, जो हर किसी को खुद में आत्मसात कर लेने वाले गुणों की खान है।

दैनिक नवप्रदेश के पाठकों की पहली पसंद बने ये कॉलम

- छत्तीसगढ़ी भाषा में खबरे प्रकाशन
- छत्तीसगढ़ी भाषा में इंटरव्यू
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर किसानों के लिए
- प्रति सप्ताह विशेष परिशिष्ठ
- महिलाओं के लिए विशेष परिष्ठ
- रोजगार संबंधी खबरों का प्रकाशन पहली प्राथमिकता
- आज बेबाक..
- बातों..बातों में
- संपादकीय
- कारोबार
- राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खबर अपडेट

लोग जुड़ते गए और कारवां बनता गया...

नवप्रदेश की अवधारणा तीन नव प्रदेशों के बनने के बाद रखी गई। इसी के साथ ही नवप्रदेश छत्तीसगढ़ के दुर्ग से साप्ताहिक समाचार पत्र के तौर पर शुरु हुई थी। एक कक्ष और संस्थान के संस्थापक छह कर्मवीरों से शुरु हुआ नवप्रदेश आज तीन राज्यों तक अपनी पत्रकारिता से गहरी पैठ बना चुका है।

नवप्रदेश परिवार में संस्करणों के साथ ही परिवार के सदस्यों की संख्या भी खूब फली-फूली है। कभी 6 लोगों की मेहनत से प्रकाशित होने वाला दैनिक नवप्रदेश के परिवार में अब संस्करणों के साथ ही अकेले छत्तीसगढ़ में 51 संवादाता हर क्षण, हर वक्त हमारे पाठकों को सच से रूबरु करवा रहे हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य प्रदेश से प्रकाशित दैनिक नवप्रदेश में वक्त के साथ यह संख्या निरंतर बढ़ रही है। समाचारों में पारदर्शिता, सत्यता और ताजेपन के लिए नवप्रदेश परिवार लगातार अपने सुधी पाठकों की सलाह और दिलचस्पी के मुताबिक ही प्रकाशन करता आया है। पाठकों के सुझाव के अनुरूप छत्तीसगढ़ी भाषा में लेख, आलेख, कविताओं को स्थान उन्हीं सुझावों का पर्याय है। यूथ, महिला मार्गदर्शन, पाठकों के पत्र, विशेष साप्ताहिक कॉलम, रोजगार संबंधी खबरों के अलावा समसामयिक विषयों को प्रमुखता से नवप्रदेश ने समाचार पत्र के पृष्ठों में स्थान देता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में किसानों के प्रति सप्ताह किसान विशेष, महिला परिशिष्ठ समेत छत्तीसगढ़ी भाखा में खबरें व संपादकीय नवप्रदेश की पत्रकारिता के नवापथ में अलग पहचान बनाता है। झारखंड, रांची और भोपाल संस्करणों में भी स्थानीय विषयों को अपने ही अंदाज में प्रस्तुत करने वाला दैनिक नवप्रदेश सुधी पाठकों के बीच अपना अलग स्थान बनाता जा रहा है। छत्तीसगढ़ समेत दो अन्य राज्य झारखंड के रांची से व मध्यप्रदेश के भोपाल से प्रकाशन सफल प्रकाशन के बाद भविष्य में दैनिक नवप्रदेश जल्द ही अन्य दूसरे राज्यों में भी पाठकों की रूचि को नए आयाम देने के लिए संस्करण शुरु करेगा।

...सिर्फ पत्रकारिता ही एकमात्र उद्देश्य

वर्तमान परिस्थितियों में जब व्यवसायीकरण हावी है। ऐसे में प्रतिस्पर्धा पत्रकारिता के क्षेत्र में भी बढ़ गई है। ऐसे कई उदाहरण हैं जिसमें प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के तौर पर मीडिया संचालित करने वाले बढ़े हैं। मूल उद्देश्य भी मुनाफा कमाना या फिर मुनाफे का धंधा सुरक्षित करने के लिए मीडिया का सहारा लिया जाता है। दरअसल प्रतिस्पर्धा के इस युग में विशुध्द पत्रकारिता का उद्देश्य हासिल करना आसान नहीं। लेकिन, यह मुश्किल भी नहीं है। साप्ताहिक से दैनिक नवप्रदेश समूह ने एकमात्र पत्रकारिता को ही उद्देश्य बनाकर शुरु किया गया है। समूह का संस्करण और प्रकाशन भी मूलरूप से पत्रकारिता को आत्मसात करने वाली विचारधारा से शुरु किया गया। नवप्रदेश के संस्थापक सदस्य ऐसे ही एक उदाहरण हैं जिनका कोई इतर कारोबार या धंधा नहीं। विशुध्द तौर पर पत्रकार से समाचार पत्र समूह के कर्ता-धर्ता बनने के बाद भी जनमानस की पत्रकारिता को आधार बनाकर दैनिक नवप्रदेश समाचार जगत में अपनी एक अलग पहचान तो बनाता ही है, साथ ही उन लोगों में कौतूहल भी पैदा करता है जिनका उद्देश्य पत्रकारिता से इतर है।

प्रिंट के बाद डिजीटल मीडिया और फिल्म प्रोडक्शन में नाम

नवप्रदेश का न्यूज पोर्टल भी खबरों की दुनिया में अव्वल

वक्त के साथ ही फास्ट न्यूज अपडेट के लिए प्रिंट मीडिया के बाद डिजीटल मीडिया और फिल्म प्रोडक्शन में भी नवप्रदेश रोज नए सोपान तय कर रहा है। प्रतिमाह 3 लाख से भी ज्यादा यूनिक न्यू विजिटर हमारी न्यूज वेबसाईट पर आते है। ऑल ओवर विजिटर 7,39225 है। वेब पोर्टल में प्रदेश के साथ देश की सभी घटना, दुर्घटनाओं के साथ प्रशासनिक खबरों में भी अव्वल पायदान पर है। दैनिक नवप्रदेश युवा बेरोजगारों के लिए उम्मीद और सार्थक खबरों को जॉब्स नामक कॉलम से चला रहा है जिसका प्रतिसाद हमें मिल रहा है। अनेक बेरोजगार युवाओं के लिए निकलने वाली भर्ती जैसे रेलवे, आईटीआई, एम्स, पुलिस, आर्मी, नवसेना, वन विभाग के साथ-साथ राज्य और देश में निकले वाली सभी भर्तियों की खबरों को प्राथमिकता के सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक पहुंचा जा रहा है। राज्य की प्रमुख बड़ी खबरों के साथ राजनीतिक गलियारों में भी हम अव्वल पायदान पर है। प्रिंट मीडिया में सिर्फ 8 वर्षों में डेढ़ लाख के करीब पाठकों को न्यूज अपडेट करवाने वाला नवप्रदेश अब डिजीटल वे में खबरों से हल पल, हर जगह अपडेट कर अपने पाठकों का पसंदीदा न्यूज पोर्टल बन गया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बचपन मे 1 रु. की पतंग

बचपन मे 1रु. की पतंग के पीछे 2 किमी तक भागते थे न जाने कितने चोटे लगती थी.वो पतंग भी हमे बहुत दौड़ाती थी.आज पता चल रहा है, दरअसल वो पतंग नहीं थी एक चेलेंज थी.खुशियों को हासिल करने के लिए दौड़ना पड़ता है. खुशियाँ दुकानो पे नहीं मिलती.शायद यही जिंदगी की दौड़ है। **- सुरेखा अग्रवाल**

तालाब सदा कुंऐ से

तालाब सदा कुँऐ से सैंकड़ों गुना बड़ा होता है, फिर भी लोग कुँऐ का ही पानी पीते हैं, क्योंकि कुँऐ में गहराई, और शुद्धता होती है । मनुष्य का बड़ा होना अच्छी बात है., लेकिन उसके व्यक्तित्व में गहराई और विचारों में शुद्धता भी होनी चाहिए । तभी वह महान बनता है! **- मोना सेन गुप्ता**

खास पाती | मत आना मेरी जिंदगी में

सुनो ! कह तो दिया तुमसे मत आना मेरी जिंदगी में दुबारा पर ये बातें उस वक्त के बाद न जाने किस अदृश्यता में समा गई और सच आईने के जैसे मेरे सामने थी तुमसे दूर होने जैसी कोई भी भावना मेरे भीतर व्याप्त नहीं थी महज अफ्वाहों का भीड़ था जो कुछ ही पल में नष्ट हो गई समय का वो नाकारात्मक क्षण ज्यों ही गुजरा कहकर मुझे अलविदा तुम्हारी यादों ने मेरे मन का कोना थाम लिया हां ! अब नहीं मैं अकेले तुम हो हरपल साथ मेरे सुनो ! मेरी बातों पर मत जाना मेरे दिल में तुम्हारे होने का सुबूत जिंदा है।- **बबलि सिन्हा**

खेतों में सरसों पीली, बागों में पीले पुष्प

खेतों में सरसों पीली, बागों में पीले पुष्प की बहार है, देखो आज वसुंधरा ने भी, पीला किया श्रृंगार है। है प्रतीक्षा तुम्हारी , तुम्हारे आगमन की है बारी, अब देर न करो ÷बसंत÷, तुम्हारे स्वागत को खिली है फुलवारी। पवन हिलोरे ले रही, मन मतवाला हो रहा, पीली धरती,पीला अम्बर, आज तो जग भी पीला हो रहा। प्रीत बसंत, मीत बसंत, संगीत बसन्त हो गया, हृदय की हर धड़कन का, स्वर बसंत हो गया ।?????

- सपना परिहार

खुमरी कस खदर ओढ़े बइठे हे मोर घर फरिका म

खुमरी कस खदर ओढ़े बइठे हे मोर घर फरिका म ओंगन आंजे हे झन लागय नजर.... जाड़ म बुढ़वा कस खांसत रहिथे कोनो बीमरहा कस कांखत रहिथे एक्के तीर परे रहिथे, जइसे आय अजगर खुमरी कस खदर ओढ़े बइठे हे मोर घर। **- कवि सुशील भोले**

ना उम्मीदी की फुनगियों पर

बसन्ती शगुन ना उम्मीदी की फुनगियों पर हौले से तुम उम्मीद की इक कली खिला जाते हो पतझर में यूँ..बसन्त बो देना तुम्हारी खूबियों की धनक में से ही तो एक है हैना सहेज रही हूँ निरी कोमलता से, तुम्हारी उगाई इन कलियों के सभी रंग पीले,लाल, नारंगी पलाश,सेमल,टेशू की मलमली पोटलियों में! फागुन की अगुआई पर, बिखेरने को उमंगें अबीर-गुलाल बनाऊँगी। शगुन कर जाना , रंग के अपने रंग में ना उम्मीदी की फुनगियों पर हौले से तुम । **- प्रीति राघव**

जब से तुमसे मैं मिला हूं

जब से तुमसे मैं मिला हूं मुश्किलों से ही घिरा हूं। दुनिया से क्या लेना मुझको तेरी जुल्मों पे फ़िदा हूं। तुम हवाओं के शिवाले, मैं चराग़ों का ख़ुदा हूं। हिज्र की कश्ती में बैठे वस्ल की मैं सोचता हूं। मरने से पहले सितमगर तेरा दर्शन चाहता हूं । **- डा: संजय दानी**

चाहिए उनको ही आजादी जो आजाद बहुत हैं

चाहिए उनको ही आजादी जो आजाद बहुत हैं तल्ख जुबां है उनकी उनकी ही फरियाद बहुत है जिनकी बेनूर सी आंखों में वतन के टुकड़े का तसव्वुर है कह दो उनसे की नहीं अब मुल्क में उनकी मर्याद बहुत है और सच पर आंखें मीचे जो शाहीन बाग में बैठें हैं उन सब के खातिर तो हम राष्ट्रभक्तों की शंखनाद बहुत है। **- अमित कुमार अम्बष्ट**

हीर ले मजनूं गई, इस फरवरी की

हीर ले मजनूं गई, इस फरवरी की चाल मे और रांझा ले गया, लैला को नैनीताल मे देखिए क्या गुल खिलाएगा, ये मौसम प्यार का आशिक़ी परवान कुछ की, कुछ की है पड़ताल मे। **- अजय फलक**

लघु कथा-पान की गुमटी

शहर की गली के नुक्कड़ पर उस पान वाले की गुमटी थी । उस पर लोगों का जमावड़ा लगा रहता था । जिसमें विद्यार्थी, वकील ,पत्रकार , राजनीति से जुड़े और विभिन्न व्यवसाय में लगे लोग शामिल रहते थे । ज्ञान चर्चा से लेकर राजनीति कानून और अन्य विषयों पर चर्चाएं होती रहती थी। पान वाले का धंधा खूब जोरों से चलता था कुछ लोगों का प्रतिदिन का नियम था पान खाना और चर्चा करना जिसमें हर वर्ग का व्यक्ति सम्मिलित होता था। ताजा खबरें पहले उस पान वाले की दुकान पर मिलती थी कि फलाँ व्यक्ति की फलाँ व्यक्ति से लड़ाई हो गई है। फलाँ जगह पुलिस ने छापा मारा है और फलाँ को गिरफ्तार कर लिया है । इस तरह सनसनीखेज घटनाओं का उल्लेख होता रहता था । पान वाला भी अपना विश्लेषण उन घटनाओं में दिया करता था । वक्त गुजरता गया पानवाला बदस्तूर अपना धंधा वहां चलाता रहा । मैं भी नौकरी के सिलसिले में उस शहर से ट्रांसफर होकर दूसरे शहर में आ गया और फिर कई शहरों में नौकरी के सिलसिले में रहा । करीब 19 साल बाद जब मैं उस शहर पहुंचा तो मेरी इच्छा हुई कि उस पान वाले की गुमटी पर पान खाने जाऊँ। जब मैं वहां पहुंचा तो मुझे देखकर आश्चर्य हुआ कि अभी भी वहां का पान की गुमटी मौजूद थी । उस पर बैठा एक लड़का पान लगा रहा था । मैंने उससे पूछा कि पहले जो पान लगाते थे वो कहाँ हैं । उसने बताया कि वे मेरे पिताजी थे जिनकी कुछ समय पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। उन्होंने अपनी मेहनत से कमाई कर एक होटल खड़ा किया जो अच्छा चल रहा है। परंतु उन्होंने मुझसे वचन लिया था कि मैं इस गुमटी को चलाऊँ , और इस धंधे को उनकी सौगात मानकर कायम रखूँ । मैं उस पान वाले के बेटे की बात सुनकर अचंभित् हुआ, सोचा आज भी अपने छोटे से छोटे धंधे को लोग सम्मान देते हैं। और उसको कायम रखने में गर्व महसूस करते हैं । जितना भी व्यापार में उन्नति कर लें पर वे अपने मूल व्यापार को दिल से लगा कर रखते हैं । मेरा सर उस पान वाले की श्रृद्धा में झुक गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1792 - ऑस्ट्रेलिया एवं प्रशिया ने फ़्रांस के खिलाफ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1831 - बेल्जियम में संविधान लागू। 1856 - नवाब वाजिद अली शाह द्वारा अवध राज्य का ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी में शांतिपूर्ण विलय। 1904 - अमेरिका के बाल्टिमोर में भीषण आग लगने से पन्द्रह सौ इमारतें जल कर खाक। 1915 - चलती ट्रेन से पहली बार भेजा गया वायरलेस संदेश रेलवे स्टेशन को प्राप्त हुआ। 1940 - ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण हुआ। 1942 - यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1945 - ब्रिटेन, अमेरिका और रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण पर चर्चा की। 1947 - अरब और यहूदियों ने फिलीस्तीन को विभाजित करने के ब्रिटेन के प्रस्ताव को खारिज किया।

कल मुख्यमंत्री 5500 से ज्यादा अबूझमाड़ियों को करेंगे कम्बल वितरण

- 255 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों का होगा लोकार्पण और भूमिपूजन
- मैराथन के विजयी धावक होंगे पुरस्कृत

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को दिया अंतिम रूप, कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने शनिवार 8 फरवरी को ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में आयोजित मुख्यमंत्री कार्यक्रम की तैयारियों की वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम की सभी तैयारियों के बारे में जानकारी लेते हुए अंतिम रूप दिया। बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने की। उन्होंने कहा कि शनिवार 8 फरवरी को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल अबूझमाड़ हाफ पीस मैराथन के विजयी धावकों को पुरस्कृत करेंगे। वे इस मौके पर लगभग 255 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे और जनता को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत् हितग्राहियों को सामग्रियां प्रदान करेंगे। इसके साथ ही लगभग 5600 अबूझमाड़ियों को कम्बल का वितरण भी करेंगे।

कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने बासिंग कार्यक्रम स्थल पहुंचकर की गयी तैयारियों का अवलोकन किया। स्थल पर बनाये गये हेलीपेड, पार्किंग स्थल सहित भोजन स्थल का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से एक दिन पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने शौचालय, टायलेट व्यवस्था के साथ ही पेयजल व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पेयजल टैंकर 7 तारीख की दोपहर तक कार्यक्रम स्थल और धावकों के रूकने वाले स्थानों, बनाये जा रहे भोजन स्थलों पर निश्चित रूप से पहुंच जाये। यह व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित कर ली जाये। कलेक्टर ने कार्यक्रमों के आमंत्रण पत्र वितरण, प्रवेश पास एवं मंच, बैनर आदि की जानकारी ली।

कलेक्टर ने जिला मुख्यालय नारायणपुर में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2020 में शामिल होने वाले एवं बाहर से आने वाले धावकों के स्वागत, रूकने, खाने-पीने की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों ने वाहन व्यवस्था, पेयजल, मैराथन दौड़ रूट चार्ट अनुसार सड़क मरम्मत आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

केंद्रीय जेल के कैदी कम्प्यूटर सीखकर बनेंगे आत्मनिर्भर

- *कलेक्टर ने केंद्रीय जेल बिलासपुर में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का किया लोकार्पण*

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । केंद्रीय जेल बिलासपुर में कैदियों को कम्प्यूटर सिखाया जाएगा। जिससे वे आधुनिक टेकनालॉजी से जुड़ेंगे और आत्म निर्भरता हासिल करेंगे। इसके लिए केंद्रीय जेल को भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा बिलासपुर द्वारा 10 कम्प्यूटर प्रदाय किया गया है। रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर डा. संजय अलंग ने आज जेल में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने का उद्देश्य कैदियों को व्यस्त रखना है। जिससे उनकी सोच सकारात्मक होगी। उन्होंने कहा कि यदि यह कार्य उनको रूचिकर लगता है तो इसे और इसे और बढ़ाया जाएगा। कलेक्टर ने केंद्रीय जेल में की गई अभिनव पहल की सराहना की।

ग्रामीण घरेलू महिला ई-रिक्शा चलाकर बढ़ा रही अपने परिवार की आमदनी

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत मिली ई-रिक्शा एक सामान्य ग्रामीण घरेलू महिलाओं के लिए परिवार की आमदनी बढ़ाने में सहायक हो रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगाही की श्रीमती कुमेश्वरी साहू ऐसी महिलाओं में शामिल है। जिन्होंने जयदेवी स्व सहायता समूह से जुड़कर योजना के तहत ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद कर रही है और अपने परिवार का सहारा बन गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने तथा इस कार्य में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाते हुए उनकी आय में वृद्धि करना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा, आटो-रिक्शा, बोलेरो इत्यादि वाहन क्रय किए जा सकते है। श्रीमती कुमेश्वरी साहू सन् 2013 से डे-एनआरएलएम अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं।

कुमेश्वरी साहू की वार्षिक आय लगभग तीन गुना बढ़ी

ई-रिक्शा चलाने से कुमेश्वरी साहू को बारहों महीना नियमित रूप से आमदानी हो रही है। इसी आमदनी से वह ई-रिक्शा के मुद्रा लोन एवं ब्याज का भुगतान निरंतर कर रही है। उन्होंने ई-रिक्शा की कमाई से अपने पुत्र को स्व-रोजगार से जोडा है। ई-रिक्शा चलाने से जो लाभ प्राप्त हो रहा है, उससे अपने बेरोजगार पुत्र के लिए एक आटो-रिक्शा खरीदा है। जिससे उनके पुत्र को भी रोजगार मिला है। उन्हें प्रतिदिन 300-400 रूपए एवं मासिक लगभग 10 हजार रूपए की आय हो जाती है। ई-रिक्शा चलाने के कारण अब कुमेश्वरी साहू की वार्षिक आय लगभग तीन गुना बढ़ गई है।

नौकरी लगाने के नाम से ठगी का मास्टर माइंड रोशन मिश्रा गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही। मामला गुण्डरदेही थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी नकुल राम साहू पिता दीनदयाल साहू उम्र 55 साल निवासी ग्राम देवरी थाना देवरी जिला बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि माह अगस्त 2017 में शब्बीर खान निवासी मार्रीबंगला थाना देवरी ,सुभाष चंद्राकर निवासी बघमरा गुण्डरदेही व रोशन मिश्रा के द्वारा इसके लडका अरविन्द कुमार साहू को स्वास्थ्य विभाग में प्यून के पद पर तथा इसकी लडकी कु. सुषमा को शिक्षा विभाग में शिक्षाकर्मी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 8,55,000 रूपये लेकर धोखाधडी करना तथा उसी प्रकार मार्रीबंगला निवासी डेमन लाल मानकर को वनरक्षक में गार्ड के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर शब्बीर खान के माध्यम से सुभाष चंद्राकर निवासी बघमरा गुण्डरदेही एवं रोशन मिश्रा निवासी कुथरेल रायपुर के द्वारा 2,50,000 रूपये लेकर धोखाधडी किया है। तीनो व्यक्ति

शब्बीर खान, सुभाष चंद्राकर, रोशन मिश्रा के द्वारा कुल जुमला रकम 11,05,000 रूपया नौकरी लगाने के नाम पर लेकर धोखाधडी किया है। रिपोर्ट पर थाना गुण्डरदेही में मुकदमा कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले के आरोपी शब्बीर खान पिता अकरम खान उम्र 32 वर्ष मार्री बंगला देवरी थाना देवरी जिला बालोद एवं सुभाष चन्द्राकर पिता घनश्याम चन्द्राकर उम्र 40 वर्ष साकिन गुण्डरदेही थाना गुण्डरदेही जिला बालोद को दिनांक 11.01.20 गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है

तेंदू पत्ता संग्रहक हितग्राही परिवार को मिल रहा शासन की योजनाओं का लाभ

- स्कालरशिप योजना के तहत इस वर्ष 12 लाख से ज्यादा मेधावी छात्र-छात्रों को मिली राशि

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागांव। बस्तर का हरा सोना कहा जाने टेंन्दू पत्ता अपनी गुड़वत्ता के लिए विख्यात है, वही शासन द्वारा पत्ते का समर्थन मूल्य में वृद्धि करते ही हरा सोना संग्राहकों में एक नई ऊर्जा जाग गई है जिसका नतीजा रहा कि जिले में लक्ष्य से ज्यादा पत्ते की आवक रही। जिले में लगभग 40152 तेंदू पत्ता संग्रहक पत्ता तोड़ने का कार्य करते हैं। जिससे उन्हें एक अच्छी आमदनी हो जाती है। और वह इस राशि से अपनी आर्थिक स्थिति सुधार रहे हैं। वर्तमान सरकार के 25 सौ रुपये मानक बोरा के दर को बढ़ा कर 4 हजार रुपये मानक बोरा पर खरीदी के निर्देश से तेंदू पत्ता संग्रहक परिवार काफी खुश हैं तथा पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष पांच हजार तेंदू पत्ता संग्रहकों की संख्या बढ़ी है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने के बाद शासन द्वारा 4 हजार मानक बोरा की दर से बाइस हजार चौबीस मानक बोरा तेंदू पत्ता संग्रहण किया गया जिसमें संग्राहकों को लगभग 8 करोड़ 80 लाख का भुगतान हितग्राहियों को किया गया है। वहीं शासन की योजना अनुसार तेंदू पत्ता संग्रहक परिवार को जन श्री बीमा योजना समूह बीमा योजना के तहत जोड़ कर उन्हें लाभ दिया जा रहा है। तेंदू पत्ता संग्रहक परिवार के मेधावी छात्र छात्रों को स्कालरशिप योजना के तहत इस वर्ष बारह लाख बिस हजार की राशि भी वितरण की गई है।

छात्रवृत्ति योजना से मिले लाभ ने रायपुर साइंस कॉलेज पहुंचाया गांव की बेटी को

कोंडागाँव जिले के ग्राम दहिकोंगा में रहने वाले तेंदू पत्ता संग्राहक के एक ही परिवार के दो छात्र छात्रा कामेश्वर नाग व निशा नाग को छात्रवृति योजना के तहत पढ़ाई करने राशि दी गई। इस परिवार के लोगों का कहना है कि शासन की इस योजना वे बहुत खुश है जो छात्रवृति उन्हें मिली है उससे वह आगे की पढ़ाई में खर्च कर रहे हैं। निशा नाग शासन की इस मदद से आज रायपुर राजधानी में साइन्स कॉलेज से बी. एस. सी. की पढाई कर रही है।

शहर की स्वच्छता पर लापरवाही बरदाश्त नहीं : प्रकाश

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने बैठक लेकर पालिका के सभी विभागीय कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने दो टूक कहा कि शहर की स्वच्छता पर कोई लापरवाही बरदाश्त नहीं की जाएगी। शहर के 30 वार्डो की सफाई व्यवस्था को और दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी ने बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था के लिए 5 गैंग है। चंद्राकर ने कहा अतिरिक्त एक गैंग तत्कालीन कार्य के लिए तैयार किया जाए। नपाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी वार्ड में एकल सफाई कर्मी नहीं लगाया जाएगा। ऐसा किया गया तो प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। चंद्राकर ने 20 नया ठेला कचरा उठाने के लिए क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दो जेसीबी मशीन से कचरा उठाने का काम लिया जाए। मिशन क्लीन सिटी के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे रिक्शा के संबंध में जानकारी भी ली। क्लीन सिटी प्रभारी से कचरा कलेक्शन के अलावा रिक्शा के साथ जाने वाले सफाई मित्रों से शहर में फैली हुई झिल्ली को भी उठाने को कहा।

गौठान से बदल रही ग्राम कमेला के किसानों की तस्वीर

- अब पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है गौठान में ही

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागांव। प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में से एक गरुवा धन के रख-रखव की योजना धरातल पर सफल नजर आ रही है। जिले के कमेला ग्राम में गौठान को ले कर ग्रामीणों में काफी उत्साह नजर आ रहा है,लगभग 1300 की जनसंख्या वाले इस गांव में दस एकड़ की भूमि में गौठान का निर्माण किया गया है, जहाँ रोजाना ग्रामीण अपने 300 से ज्यादा पशुओ को रखरखाव के लिए भेजते है। पंचायत के कुशल प्रबंधन के चलते गौठान में सभी पशुओं के लिऐ चारे की व्यवस्था तथा पीने के लिऐ साफ पानी व चिकित्सा सुविधा भी मुहैय्या कराई जाती है।

वैसे तो कोंडागांव जिले में 150 गौठान बनाने का लक्ष्य रखा गया है मगर अभी वर्तमान में 8 गौठान ही अस्तित्व में है, वहीं 40 गौठान पर तेजी से काम चल रहा है। गौठान के बनने से ग्रामीणों का मानना है कि अब उन्हें पशुओं को लेकर परेशान नही होना पड़ता ग्राम कमेला के कांशी पटेल,भारत कुमार व रमाकांत पांडे गोठान की योजना से खुश नजर आते बताते हैं ,कि पहले परिवार के एक सदस्य को पशुओं के देख रेख में ही अपना समय बर्बाद करना पड़ता था,लेकिन अब गोठान के चलते परिस्थिती बदल गई है। अब गौठान के बनने के चलते पशुओ द्वारा फसल नुकसान का डर भी नही रहा व कृषक दोहरी फसल आसानी से ले रहे है। जो कभी खुले में घुम रहे पशुओं की वजह से डबल फसल नही ले पाते थे वे भी अब निश्चित हो कर डबल फसल की खेती कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने गौठानों के देख रेख का काम गांव के ही समितियों को दे रखा है। समिति पशुओं के गोबर से वर्मी कम्पोज खाद भी बनाने का कार्य कर रही हैं ।

आयुष्मान और राशन कार्ड से हो रहा इलाज, स्मार्ट कार्ड की वैधता समाप्त

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम से जारी स्मार्ट कार्ड अब सरकारी व अधिकृत अस्पतालों में नहीं चल रहे हैं। मरीजों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। इसके लिए हितग्राही परिवार के सदस्यों को राशन कार्ड के साथ पहचान पत्र दिखाना पड़ रहा है। जहां इलाज के लिए नया ई-कार्ड जारी किया जा रहा है। पंजीकृत निजी अस्पतालों के लिए टीपीए असिस्टेंट नियुक्त किया गया है। आयुष्मान भारत ई-कार्ड भी स्वीकार किए जा रहे हैं। नई योजना से जहां ऐसे परिवारों को राहत मिली है, जिनके पास राशन कार्ड तो है, लेकिन जनगणना सूची व डाटा में नाम नहीं होने से मुफ्त इलाज के लिए भटकना पड़ता था। वहीं स्मार्ट कार्ड से मुफ्त इलाज की सुविधा बंद होने की जानकारी जिन लोगों को नहीं है उन्हें अब भटकना पड़ रहा है। हालांकि मोबाइल से वाट्सअप के जरिए राशन कार्ड की फोटो मंगाने पर अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा जरूर उपलब्ध कराई जा रही है। नई योजना में अंत्योदय, प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों समेत एसईसीसी-2011 के माध्यम से चयनित परिवारों को 5 लाख व सामान्य राशन कार्ड वाले परिवारों को 50 हजार रुपए तक के मुफ्त इलाज की जा रही है।

अभियान | जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में विगत 6 माह में 1798 बच्चे कुपोषण से बाहर निकले

सुपोषण अभियान : बच्चों, गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को मिल रहा फायदा

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। जिले के 6 माह से 6 वर्ष तक के आयु के बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं में कुपोषण को दूर करने के लिए कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर के मार्गदर्शन आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से में विशेष सुपोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है।

जिले में कुपोषण से मुक्ति के लिए जुलाई 2019 से विशेष सुपोषण अभियान प्रारंभ किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित इस सुपोषण अभियान में जिले के 2463 आंगनबाड़ी केन्द्रों के करीब 86 हजार बच्चों को सप्ताह में एक दिन उबला हुआ अण्डा दिया जा रहा है। गम्भीर कुपोषित बच्चों को सप्ताह में दो दिन अण्डा दिया जा रहा है जो बच्चे अण्डा नहीं खाते उन्हें तेल में भुनी हुई सोयाबड़ी दिया जा रहा है।

गर्भवती महिलाओं के साथ ही शिशुवती महिलाओं महिलाओं को भी प्रतिदिन पौष्टिक गरम भोजन दिया जा रहा है। इस अभियान से बच्चों में खाने के प्रति रुचि तथा आंगनबाड़ी जाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। नियमित पोषण आहार मिलने से बच्चों तथा माताओं के स्वास्थ्य में सुधार आया है। विगत सात माह में ही इस अभियास से 1 हजार 798 बच्चे कुपोषण से सुपोषण की श्रेणी में आए गए हैं।

इस अभियान के साथ ही जिले के 439 ग्राम पंचायतों के माध्यम से मुख्यमंत्री विशेष सुपोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। विशेष सुपोषण अभियान के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के एनीमिया पीड़ित गर्भवती, शिशुवती तथा बच्चों के चेहरे पर रौनक तथा मुस्कान लौट रही है।

विशेष सुपोषण अभियान के तहत जिला खनिज न्यास से राशि की व्यवस्था कर गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को पोष्टिक आहार दिया जा रहा है। जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज 10 हजार 73 गर्भवती महिलाओं को अंडा तथा तेल में भुनी हुई सोयाबीन बड़ी सप्ताह में 1 दिन प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही 9027 एनीमिक गर्भवती महिलाओं को उबला अण्डा एवं तेल में भुनी हुई सोयाबड़ी सप्ताह में दो दिन तथा गुड़ एवं मूंगफली के लड्डू सप्ताह में एक दिन दिया जा रहा है। इसी प्रकार जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज 10 हजार 656 शिशुवती महिलाओं को उबला अण्डा तथा तेल में भुनी हुई सोयाबीन बड़ी सप्ताह में 1 दिन प्रदान किया जा रहा है।

नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र

अम्बिकापुर। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 अंतर्गत तृतीय चरण में लुण्ड्रा एवं बतौली जनपद में जिला पंचायत सदस्य हेतु हुए मतदान के लिए आज सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष अम्बिकापुर में नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तृतीय चरण में हुए जिला पंचायत सदस्य के मतदान की सारणीकरण की कार्यवाही आज कलेक्टर कोर्ट में की गई। तत्पश्चात कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 लुण्ड्रा से निर्वाचित सदस्य श्रीमती सरस्वती पावले, क्षेत्र क्रमांक 09

लुण्ड्रा से निर्वाचित सदस्य श्रीमती मधु सिंह, क्षेत्र क्रमांक 10 बतौली से निर्वाचित सदस्य श्रीमती शारदा पैंकरा को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

हर लम्हा दिलों को जीतते गया भुइयां का 'हमराही'

> रात नहीं ख्वाब बदलता है,
> मंजिल नहीं कारवां बदलता है;
> जज्बा रखो जीतने का क्यूंकि,
> किस्मत बदले न बदले,
> पर वक्त जरूर बदलता है।

कुछ ऐसी ही कहानी है छत्तीसगढ़ियां लोगों की जुबां पर रच बस गए नव प्रदेश अखबार के सफर की। अखबार का हर वर्ग के लोगों से व हर वर्ग की जनता का इस अखबार से जुड़ाव ही कुछ ऐसा रहा कि आठ साल कब बीत गए पता ही नहीं चला। आठ साल के इस सफर में छत्तीसगढ़ के हमराही 'नव प्रदेश' ने जनभावनाओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता को केंद्र में रखकर प्रदेश व देश के हर वर्ग व हर मद्दे से जुड़ीं खबरें प्रकाशित कीं। जनता ने इन खबरों को न केवल तहे दिल से सराहा बल्कि उनकी प्रतिक्रियाओं के रूप में प्राप्त हुई उनकी रुचि ने हमें और कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया- फिर बात चाहे जनसमस्या से जुड़े मुद्दों पर लिखे गए रिपोर्ताज की हो या आर्थिक-सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों से जुड़ीं खबरों की। निःसंदेह यह सिलसिला अनवरत चलता रहेगा...। समाचारों की इन लंबी श्रृंखला में से आज नवप्रदेश के 8 साल पूरे होने पर ऐसे ही आठ मुद्दों से जुड़ीं खबरों की झलकियां...

जनहित की योजनाएं : जहां साक्षरता का स्तर कम, वहां उम्मीदें ज्यादा

प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर सरकारों से जुड़ी जनहितकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में नव प्रदेश ने खुद को हमेशा आगे रखने की कोशिश की। प्रदेश की कुछ क्षेत्र विशेष की जनता के एक बड़े हिस्से के साक्षरता के मामले में पिछड़े होने व उन तक आधुनिक संसाधनों की त्वरित पहुंच न होने के कारण शासन स्तर पर लागू होने वाली हर जनहितकारी योजना को अखबार सरल शब्दों में प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है, ताकि दूरस्थ वनांचलों में स्थित प्रदेश अपेक्षाकृत कम साक्षर आबादी भी नव प्रदेश के जरिए अपने लिए उपलब्ध सुविधाओं से रूबरू हो जाए और उनका लाभ ले। लिहाजा ऐसे क्षेत्रों में लोगों की हमसे उम्मीदें भी बढ़ रही हैं।

वनोपज : जिन्हें पता नहीं था मोल, समझ रहे बेमोल का गणित

तेंदूपत्ता के साथ ही अब राज्य में 49 प्रकार के लघु वनोपज शासन द्वारा खरीदे जाने लगे हैं। लेकिन वास्तव में जो इन वनोपज का संकलन करते आ रहे हैं वे उन तक सूचना संचार माध्यमों की पहुंच न होने से या हो भी तो इसके इस्तेमाल से उनके परिचित न होने से इन्हें औने- पौने दाम बेच देते थे। यदि इससे संबंधित खबरों को व्यापक प्रचार-प्रसार न हो तो अतीत की पुनरावर्ती की आशंका बनी रहती है। ऐसे में नव प्रदेश ने अपनी परंपरा व जिम्मेदारी का निर्वहन कर सभी 49 वनोपज व उनके दामों, खरीदी केंद्रों से जुड़ी खबरों के जरिए इन वनोपज संकलनकर्ताओं तक उनके अधिकारों की सूचना सुनिश्चित कराई।

आदिवासी : आसानी से समझा, कैसे वापस हो रही जमीन

आदिवासियों के हित में सरकार ने बड़ा फैसला लिया। उद्योगों के लिए आदिवासी किसानों से ली गई जमीन उद्योग नहीं लगने की स्थिति में अब उन्हें वापस की जा रही है। कुछ आदिवासियों को पट्टे देने का ऐलान भी हुआ है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में नव प्रदेश की पहुंच और इस संबंध में आसान शब्दों में प्रमुखता से प्रकाशित खबरें आदिवासी भाइयों की इस संबंध की योजना से प्रगाढ़ता को बढ़ा रही है। आदिवासी क्षेत्रों में स्थित हमारे प्रतिनिधियों से इस संबंध की खबरों की पूछ-परख का बढ़ना इसका परिचय दे रही है।

आम समस्याएं : न भूले और न भूलेंगे गांव-गली-कूचे की सुध लेना

कॉर्पोरेट हो चुके मीडिया में अब खबरों को न्यूजरूम में बैठी शख्सियतों द्वारा मन के तराजू पर तौलने का पैमाना भी बदलता जा रहा है। शहरों को छोड़ दें तो कस्बों, गांव-गली-मोहल्लों की छोटी-छोटी लेकिन आगे चलकर बड़ी बनने वाली समस्याओं को काफी कम अखबारों में तवज्जो दी जाती है। लेकिन नव प्रदेश ने अपने उद्भव से लेकर ऐसी समस्याओं को भी अखबार में प्राथमिकता दी, ताकि प्रशासन के साथ ही आम जनता भी इन छोटी -छोटी चीजों को लेकर जागरूक हो जाए। इन खबरों के महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे स्वच्छ भारत अभियान को मिल रहे प्रतिसाद से ही समझा जा सकता है।

शिक्षा : आंखें खोलने वाली खबरों ने बटोरीं सुर्खियां

प्रदेश में कक्षा पहली से आठवीं तक के स्कूली बच्चों का गुणवत्ता सुधार हेतु आकलन राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के आकलन के लिए रोल मॉडल बन गया। वहीं अब सरकारी स्कूलों के बच्चों को अंग्रेजी बोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध की जानकारियां नव प्रदेश में समाचार की शक्ल लेकर अभिभावकों का सरकारी स्कूलों प्रति नजरिया बदल रही हैं। इस सब के बीच दूरस्थ अंचलों से कुछ ऐसी भी खबरें सामने आईं जिनको लेकर विभागीय अफसरों को खास ध्यान देने की जरूर थी। इस संदर्भ में कहीं सिर्फ छह बच्चों को दो शिक्षकों को पढ़ाने का वाकया तो कहीं स्कूल भवनों में जीर्णोद्धार की दरकार के साथ ही जंगली जानवरों से बचने बच्चों का थाली पीटकर स्कूल जाना जैसी खबरें सुर्खियों में रहीं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था : नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी के संग

प्रदेश की जनता की जीवनशैली व उनके जीविकोपार्जन के तरीके को दृष्टिगत रखते हुए शासन की ओर से किसानों को पूरे देश में धान का सर्वाधिक 2500 रुपए समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। इसी क्रम में महत्वाकांक्षी नरवा, गरुवा, घुरवा बारी योजना भी लॉन्च की गई। दोनों ही कदम आज छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रहे हैं। साथ ही देश में भी इनकी चर्चा हो रही है। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बदौलत छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाने के शासन स्तर पर किए जा रहे प्रयासों में एक छोटे योगदान के रूप में अखबार में गांव-गोठान, खेत-खलिहान की खबरों का प्राथमिकता से प्रकाशन को देखा जा सकता है। फिर चाहे खबरें मुख्यमंत्री द्वारा गोठानों को प्राथमिकता की हो या महिला स्वसहायता समूहों द्वारा दीपावली पर गोबर से दीए बनाकर इन्हें बड़े बाजारों में बेचने की।

स्वास्थ्य : जहां हॉस्पिटल नहीं वहां जागरूकता की रोशनी

छत्तीसगढ़ के दूरस्थ वनांचलों में कुछ बसाहटें ऐसी भी हैं जहां न हास्पिटल हैं न वाहनों द्वारा पहुंच ही संभव है। ऐसे स्थानों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना के अलावा हाट-बाजारों में लगाए जाने वाले क्लीनिक व बस्तर मुक्त मलेरिया अभियान के तहत लगाए जाने वाले शिविर इसके उदाहरण हैं। ऐसे दूरस्थ स्थानों में नव प्रदेश व इसके संवाददाताओं के जरिए जागरूकता का संचार हो रहा है। ऐसी दुर्गम बसाहटों में मौसम या अन्य किसी वजह से किसी दिन अखबार न भी पहुंचे तो भी समीपस्थ गावों में रहने वाले हमारे संवाददाताओं से वहा के लोगों को उनके जरूरत की खबर मिल जाती है। ये प्रयास इन दुर्गम क्षेत्रों में बसे लोगों को योजनाओं व शिविरों का लाभ लेने की राह आसान कर रहे हैं।

युवा : वायु सा जोश भरने में कलम का भी कदमताल

युवा शब्द को उल्टा कर दें तो वायु बन जाता है। प्रदेश में के युवाओं में वायु सा जोश भरने के लिए गत वर्ष के अंतिम महीनों में राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के राजधानी में कई कार्यक्रम हुए। सिलसिला राज्योत्सव से शुरू हुआ जो युवा उत्सव तक चला। इन कार्यक्रमों में कमोबेश नियमानुसार हर आयुवर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। हर कार्यक्रम छत्तीसगढ़िया रंग में रंगा नजर आया। इस छत्तीसगढ़ी छटा को जन-जन तक बिखरने में नव प्रदेश के रूप में कलम की ताकत का कदमताल भी देखने को मिला। तीनों समारोह के व्यापक कवरेज को छत्तीसगढ़ी रंग में ही परोसने का काम अखबार में लिखे गए शीर्षकों से लेकर हर शब्द ने किया। यही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर के आदिवासी नृत्य महोत्सव में विभिन्न राज्यों व विदेशों से आए कलाकारों से छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाने वाली प्रतिक्रियाओं से जब नव प्रदेश के माध्यम से लोग रूबरू हुए तो इस माटी के प्रति उनका सीना गर्व से और चौड़ा हो गया।

सीएम के संज्ञान के बाद बदलने लगी दृष्टि श्रवण और मुकबधिर आवसीय विद्यालय की तस्वीर

- सीएम के निर्देश पर स्कूल में कलेक्टर ने कराई वाटर कुलर, खेल एवं मनोरंजन समाग्री इत्यादि की तत्काल व्यवस्था

नवप्रदेश संवाददाता

टिकेश्वर के राजकीय गीत सुनकर मुख्यमंत्री बघेल हुए थे प्रभावित

कवर्धा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कबीरधाम जिले के शासकीय दृष्टि, श्रवण एवं मुकबधितार्थ स्कूल को संज्ञान में लेने के बाद स्कूल की तस्वीर बदलने लगी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कबीरधाम कलेक्टर अवनीश कुमार शरण को कबीरधाम जिले के शासकीय दृष्टि, श्रवण एवं मुकबधितार्थ स्कूल की बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुधारने और खेल सहित मनोरंजन के सभी समाग्री वहां उपलबध कराने के लिए निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कलेक्टर श्री शरण द्वारा जिले के निराश्रित निधि से विद्यालय में बच्चों की सुविधा की बढौती करते हुए शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कुलर, खेल एवं मनोरंजन समाग्री इत्यादि की तत्काल व्यवस्था करा दी गई। बेहतर शिक्षा के लिए दो श्रवण बाधित शिक्षक, एक कार्यालय सहायक की व्यवस्था तत्काल करने के लिए विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। शिक्षकों की संविदा भर्ती के लिए राज्य शासन के समाज कल्याण विभाग से अनुमति भी मिल गई है।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में संचालित शासकीय दृष्टि एंव श्रवण एवं मुकबधितार्थ आवासीय विद्यालय के कक्षा पहली के छात्र टिकेश्वर ने अपनी सुरिली आवाज में छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत ÷अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार..÷ और एक अन्य देश भक्ति गीत को सुनाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। टिकेश्वर के इस विडियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया के पेज पर अपलोड करते हुए टिकेश्वर की उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने दृष्टिबाधित टिकेश्वर की गीत को सुनकर उन्होने स्कुल की शिक्षा व्यस्था और बच्चां के लिए खेल सहित अन्य आवश्यक समाग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर को निर्देशित किया था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण द्वारा विद्यालय में बच्चों की सुविधा की बढौती करते हुए शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कुलर, खेल एवं मनोरंजन समाग्री इत्यादि की तत्काल व्यवस्था करा दी गई। समाज कल्याण विभाग के उपसंचाल ने बताया कि संस्था की मांग पर बेहतर शिक्षा के लिए दो श्रवण बाधित शिक्षक, एक कार्यालय सहायक की व्यवस्था तत्काल करने के लिए विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

ट्रक से चांवल की बोरिया चुराने, रोकने गये हेल्पर की आरोपियों ने कर दी पिटाई

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । ट्रक में रखे चांवल को चुराता देख रोकने गये हेल्पर की आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी घटना बीती रात जयरामनगर एफसीआई गोदाम के पास ही है, जहाँ ट्रक क्रमांक सीजी 10 ए एन 4200 का चालक धनन्जय पात्रे चावल से भरे ट्रक को हेल्पर राजेश कुमार केवट को सौंपकर घर खाना खाने चला गया था, इस दौरान ट्रक में ही हेल्पर खाना बना रहा था, तभी उसे अहसास हुआ ही कोई ट्रक के पीछे है वह नीचे उतर कर देखा तो 4 लोग ट्रक से चावल की चोरी कर रहे थे, उसने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उनके द्वारा हेल्पर को पकड़कर जमकर मारपीट की गई, तब चिल्लाने की आवाज आने पर अन्य ट्रक चालक मौके पर पहुँचे जिन्होंने चार आरोपियों में से एक को पकड़ लिया बाकी तीन भागने में कामयाब रहे। घटना की सूचना उसने चालक को दी जिसने डायल 112 की टीम को मदद के लिए भेजा, जहाँ उन्होंने पकड़े गए आरोपी को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में मस्तूरी पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर चारो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई थी, जिन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए अकलतरा और जयरामनगर से फरार तीनों आरोपियों को धर दबोचा, मस्तूरी थाना प्रभारी फैजुल शाह ने बताया कि पकड़े गए।

बीमा दावा का भुगतान करने में आनाकानी

- चोला मंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी तथा एचडीएफसी बैंक को एक महीने के भीतर ब्याज व जुर्माना सहित भुगतान करने का फरमान

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। बीमा दावा का भुगतान करने में आनाकानी करने के कारण उपभोक्ता फोरम ने चोला मंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी तथा एच डी एफसी बैंक को एक महीने के भीतर ब्याज व जुर्माना सहित भुगतान करने का फैसला सुनाया है।

जिले के सुकली निवासी विजय करियारे के अनुसार उसने चार पहिया वाहन क्रय किया था जिसका बीमा चोला मंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी से कराया था। बीमा अवधि में ही वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन मरम्मत में 6 लाख रुपए खर्च हुआ, जिसके एवज में नियमानुसार 3 लाख 2373 रुपए का दावा किया गया,लेकिन कंपनी द्वारा निजी वाहन के व्यावसायिक उपयोग करने का हवाला देते हुए बीमा दावा का भुगतान करने से इंकार कर दिया गया। मामले में उपभोक्ता फोरम की अध्यक्ष श्रीमती तेजेश्वरी देवी देवांगन तथा सदस्य मनरमण सिंह ने सुनवाई करते हुए पाया कि कंपनी द्वारा बीमा दावा का भुगतान नहीं करना सेवा में कमी की श्रेणी में आता है। फोरम ने फैसला सुनाते हुए चोला मंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी को एक माह के भीतर 3 लाख 2373 रुपए ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया है।

आईएएस अधिकारियों की रिव्यू पिटीशन को हाईकोर्ट ने किया खारिज

बिलासपुर । समाज कल्याण विभाग में एक हजार करोड़ के घोटाले को लेकर सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने के आदेश के बाद हाईकोर्ट ने दो आईएएस अधिकारियो द्वारा दायर रिव्यू पिटीशन को सुनवाई के बाद यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि याचिकाकर्ताओ की आशंका निर्मूल है। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित एनजीओ द्वारा एक हजार करोड़ का घोटाला करना बताए गए मामले में सीबीआई को एफआईआर के निर्देश देने वाले हाईकोर्ट के डबल बैंच के आदेश पर दायर पुनरीक्षण याचिका को हाईकोर्ट ने ख़ारिज कर दी है। ये पुनरीक्षण याचिका पूर्व आईएएस बी एल अग्रवाल और सतीश पांडेय की ओर से दायर की गई थी। हाईकोर्ट की युगल पीठ ने इस पर बुधवार को फैसला सुरक्षित रखा था। पुनरीक्षण याचिका के ख़ारिज किए जाने का फैसला कोर्ट नंबर तीन ने गुरूवार को दिया। पूर्व आईएएस बी एल अग्रवाल की ओर से पुनरीक्षण याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता सौरभ डांगी ने याचिका खारिज होने की पुष्टि की है ।

रेलवे स्टेशन में चली किलेबन्दी चेकिंग

- अवैध वेंडर सहित बिना टिकट यात्रा करने वालों पर की गई कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में बिना टिकट यात्रा और बगैर परमिट लिए भारी भरकम लगेज ले जाने वाले तथा धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर 4,39,080 रूपये वसूल किया गया । ट्रेनों में टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की रोकथाम के साथ ही साथ यात्रियों को उचित टिकट लेकर संबंधित कोचों में यात्रा करने के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार टिकट चेकिंग अभियान मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। आज रेलवे मण्डल के वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक समन्वय पुलकित सिंघल के मार्गदर्शन में तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर निखारे एवं ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में बिलासपुर स्टेशन में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में वाणिज्य निरीक्षक, सीटीआई, टीटीई एवं आरपीएफ स्टाफ भी शामिल थे। अभियान के दौरान बिलासपुर से गुजरने वाली 40 गाडियों में यात्रियों की टिकट की जांच की गई तथा रेलवे यात्रा नियमों के विरूद्ध यात्रा करते पाये गये यात्रियों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही की गई।

इस अभियान में कुल 884 मामलों से 4,39,080 रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें बिना टिकट के 296 मामलों से 2,53,310 रूपये, अनियमित टिकट के 328 मामलों से 1,60,030 रूपये, बिना बुक किये गये लगेज के 258 मामलों से 25,620 रूपये, टिकट श्रेणी परिवर्तन के 01 मामले से 20 रूपये तथा गंदगी फैलाने के 01 मामले से 100 रूपये शामिल हैं।

अज्ञात चोरों ने नगद, सोने-चांदी सहित लाखों का माल कर दिया पार

बिलासपुर । कोटा बेलगहना बीती रात अज्ञात चोरों ने एक दुकानदार के सुने मकान को निशाना बनाते हुए लाखो के माल पर हाथ साफकर दिया है। घटना बेलगहना चौकी क्षेत्र की है, जहाँ बाजार पारा निवासी प्रार्थी राजेन्द्र कुमार गुप्ता जो कि इलेक्ट्रॉनिक का दुकान संचालित करते है, शाम को 7 बजे के लगभग अपने घर मे ताला लगाकर कर दूसरे घर जोकि कृष्णा नगर बेलगहना में है वहाँ चले गए था, रात में जब वह 10 बजे के करीब वापस अपने बाजार पारा स्थित घर पहुँचा तो उसने देखा कि दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ है और अंदर जाने पर पता चला सभी सामान बिखरे हुए है एवं आलमारी खुली हुई है जिसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, कान की बाली, नगद 500,100,1,2,5 का नोट 95 हजार कुल 1 लाख 95 हजार रुपए की चोरी अज्ञात चोरों ने की है। मामले में चौकी बेलगहना के द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

डोंगरगढ़ में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन आज

राजनांदगांव। सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र रामटेके ने राजनांदगांव शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के जुड़े बौद्ध धर्म के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में डोंगरगढ़ बौद्ध सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

सीएम सुपोषण अभियान की समीक्षा करने पहुंचे सचिव सिद्धार्थ कोमल

- आंगनबाड़ी केन्द्र बड़े बंजोड़ा का किया गया निरीक्षण
- आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपोषण वाटिका तैयार करने के दिये निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। सचिव छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग सिद्धार्थ कोमल परदेशी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र बड़ेबंजोड़ा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने कलेक्टर नीलकण्ठ टीकाम की उपस्थिति में विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की प्रगति का जायजा लिया। सचिव एवं कलेक्टर के द्वारा विभागीय बैठक के उपरान्त आंगनबाड़ी केन्द्र बड़े बंजोड़ा जाकर आंगनबाड़ी केन्द्र के केंटीन एवं सुपोषण वाटिका का निरीक्षण किया गया साथ ही सचिव ने स्वयं अपने हाथों से बच्चों को गर्म भोजन भी परोसा एवं बच्चों के बीच बैठकर उनसे बातें की। इस अवसर पर बच्चों ने गीत व अभिनय कर अपनी प्रतिभाओं का भी प्रदर्शन किया जिसे देख सचिव एवं कलेक्टर बहुत ही प्रभावित हुए साथ ही सचिव द्वारा जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपोषण वाटिका हेतु स्थान संरक्षित कर बच्चों के लिए फल, सब्जी लगाये जाने के भी निर्देश दिये गये।

सचिव द्वारा सुपोषण अभियान के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपोषण वाटिका तैयार करने हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र के आस-पास के जगहों को चिन्हांकित की तैयारी जल्द से जल्द करने और आंगनबाड़ी केन्द्रों में भोजन पकाने हेतु गैस सिलेण्डर की उपलब्धता सदैव बनी रहे। इसकी व्यवस्था अधिकारियों को सुनिश्चित करने को भी कहा। सुपोषण अभियान के लिए लक्षित हितग्राहियों के लिए चांवल हेतु मांग पत्र भेजने एवं आंगनबाड़ी के बच्चों को सड़क पार करने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा सीढ़ी बनाने की चर्चा भी की।

लयांग लयोर करसाना पण्डुम का शुभारभ आज

कांकेर। लयांग लयोर करसाना पण्डुम'' जिला स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 07, 08 एवं 09 फरवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर के खेल मैदान में किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 07 फरवरी को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक श्री मनोज सिंह मण्डावी होंगे तथा अध्यक्षता विधायक विधानसभा क्षेत्र कांकेर श्री शिशुपाल शोरी द्वारा की जाएगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि सांसद श्री मोहन मण्डावी, विधायक अंतागढ़ श्री अनूप नाग, संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी तथा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के सदस्य बिरेश ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य हेमन्त ध्रुव, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, समाज सेवी बिरेन्द्र ठाकुर, नरेन्द्र गोयल एम.डी. बजरंग पावर एवं इस्पात लिमिटेड रायपुर, श्री बजरंग अग्रवाल गोदावरी इस्पात लिमिटेड रायपुर और निको ग्रुप ऑफ इन्डस्ट्री के चेयरमेन श्री रमेश जायसवाल होंगे।

आश्रम छात्रावासों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी: कवासी लखमा

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। छात्रावास दिवस के अवसर पर स्थानीय पीएमटी छात्रावास में आज जिला स्तरीय छात्रावास दिवस वाणिज्यिक कर एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा के मुख्य आतिथ्य और छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री मनोज सिंह मण्डावी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय छात्रावास दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा कि आश्रम छात्रावासों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए बेहतरीन कार्य कर रही है। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव रायपुर में आयोजित की गई, जो पूरे विश्व में छत्तीसगढ़ का पहचान बना। बस्तर के विकास के लिए बस्तर विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बस्तर संभाग के ही विधायकों को ही बनाया गया है, जिससे बस्तर के लोगों की समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही हो सकेंगा। उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने पीएमटी छात्रावास के नवीन भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अन्य दूसरे कार्यों को भी सीखना आवश्यक है।

जिला स्तरीय छात्रावास दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री मनोज सिंह मण्डावी ने कहा कि अपने अधिकार को पाने के लिए सबसे पहले बोलना सींखें, एकजूट रहें और कड़ी मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि संघर्ष का नाम ही जीवन हैं, विद्यार्थी जीवन में हमने कई संघर्ष किये है, तब आज इस मुकाम तक पहुचे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में बहुत कुछ सींखने को मिलता है, इसे आप पहचाने और समाज को भी आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने पीएमटी छात्रावास के लिए स्वेच्छानुदान से 02 लाख रूपये स्वीकृत करने की घोषणा भी किया।

शिवरीनारायण मठ मंदिर गद्दी महोत्सव आज

शिवरीनारायण। चित्रोत्पलागंगा के पवित्र संगम तट पर युग - युगांतर से विराजित भगवान शिवरीनारायण की पावन धरा एवं माता शबरी की कर्मभूमि शिवरीनारायण मठ मंदिर में गद्दी महोत्सव का आयोजन आज संपन्न होगा। विदित हो कि शिवरीनारायण मठ मंदिर में वर्ष में दो बार गद्दी महोत्सव का आयोजन भक्ति भाव पूर्वक किया जाता है। इस महीने में यह आज माघ शुक्ल त्रयोदशी को सायं कालीन बेला में आध्यात्मिक महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ संपन्न होगा शिवरीनारायण मठ मंदिर प्रशासन के द्वारा गद्दी महोत्सव की व्यापक तैयारी की जा रही है, माघी पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले शिवरीनारायण के व्यापक मेले को ध्यान में रखकर मंदिरों में विशेष रंग रोधन का कार्य चल रहा है। गद्दी महोत्सव स्थल का भी रंग रोधन किया जा रहा है। इसके पश्चात इसकी पुष्पमाला, विद्युत लाइट, ध्वज- पताका से व्यापक सजावट की जावेगी इस महोत्सव में विशेष रूप से शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज मठ मंदिर की परंपरानुसार गद्दी पर विराजित होंगे सभी धर्मानुरागीयों, भगवत भक्त प्रेमियों, शुभचिंतकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

योजना | 19 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में ली गई मक्का की फसल

ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्का, दलहन, तिलहन फसलों को प्रोत्साहन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिला प्रशासन द्वारा ग्रीष्म काल में कृषकों द्वारा लगाये जा रहे धान के रकबे को कम कर मक्का, दलहन, तिलहन फसल लगाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कृषि विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के तहत् कृषकों को निःशुल्क एवं अनुदान पर मक्का, दलहन एवं तिलहन बीज प्रदाय किया जा रहा है। ग्रामों में कृषकों की बैठक लेकर सिंचाई साधन वाले कृषकों को धान के बदले मक्का फसल लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में कृषकों को बताया जा रहा है, कि ग्रीष्मकालीन धान में मक्के की तुलना में अधिक पानी की आवश्यकता, अधिक कीट व्याधि का प्रकोप, कृषि कार्यों में अधिक खर्च, कम उपज होना, उपज का कम मूल्य प्राप्त होने के संबंध में जानकारी दी जा रही है, इसके साथ ही कृषकों को बताया जा रहा है कि ग्रीष्मकालीन धान की उपज का कृषकों को 1200-1300 रूपये प्रति क्विंटल, जबकि मक्का की उपज का 1800-2200 रूपये प्रति क्विंटल मूल्य प्राप्त होता है। कृषकों की बैठक लेने के साथ ही ग्रामों में दीवार लेखन का कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्का, दलहन, तिलहन की फसल से संबंधित स्लोगन लिख कर कृषकों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा क्षेत्र में मक्का की फसल ली गई है। जिले में पिछले वर्ष 16,348 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का की फसल ली गई थी, इस वर्ष अब तक 19,557 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का की फसल कृषकों के द्वारा लगाई जा चुकी है, जिसे बढ़ाकर 30,000 हेक्टेयर करने का लक्ष्य विभाग द्वारा रखा गया है।

ग्रीष्म काल में धान के फसल के बजाय अन्य लाभकारी फसलों जैसेः- मक्का, दलहन, तिलहन इत्यादि फसल लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में गत वर्ष 6331 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन धान की फसल ली गई थी, जिसका लक्ष्य इस वर्ष कम कर तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन धान की फसल लेने का लक्ष्य रखा गया है तथा क्षेत्र में मक्का, दलहन, तिलहन फसल लेने का प्रयास कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का रहा वर्चस्व

जिला पंचायत के 12 सीट में कांग्रेस 7, भाजपा 4 एवं निर्दलीय 1 सीट जीतने में कामयाब

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों का वर्चस्व रहा। जिला पंचायत के 12 सीट में कांग्रेस 7, भाजपा 4 एवं निर्दलीय 1 सीट जीतने में कामयाब हुई। चुनाव परिणाम की अधिकृत घोषणा बाकी हैं। राजनैतिक पार्टियां अपने-अपने विजयी उम्मीदवारों की सूची बनाकर उनसे संपर्क कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समीकरण बनाने में लग गई हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की समाप्ति के बाद अब दोनो प्रमुख पार्टियों की मुख्य चुनौती जिला पंचायत और जनपद पंचायत पर आधिपत्य का है इस बार दोनो अहम पदों पर कड़ा संघर्ष नजर आ रहा है, जो कुछ दिनों पहले हुए नगरपालिका अध्यक्ष के चुनाव की याद ताजा कर दिया, जब अध्यक्ष पद के लिये हुये चुनाव में भाजपा ने बाजी मारी वही उपाध्यक्ष पद पर टाई हो गया, जो कही न कही खरीद फरोख्त या क्रॉस वोटिंग की तरफ इशारा करते हुए पार्टियों के कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया नगरपालिका चुनावो में हुये लोकलुभावन वायदों को देखते हुए नगर के आसपास लगे ग्राम पंचायतों में और अन्य क्षेत्रों में भी ग्रामीण जनता के मन मे आस जगा दी, जिसके चलते इस बार हुए पंचायत चुनाव के खर्चो में भी भारी इजाफा देखने को मिला। वही कुछ जगहों पर निर्विरोध पंच सरपंच के आने से एक सकारात्मक संदेश भी देखने को मिला । जिला पंचायत सदस्य हेतु पहले चरण में मुंगेली ब्लाक से भाजपा 03 एवं कांग्रेस 01 सीट से जीत दर्ज की। द्वितीय चरण में पथरिया ब्लॉक की 03 सीट में से तीनों कांग्रेस समर्थित 03 सीट मिली। तीसरे चरण में लोरमी में भी कांग्रेस ने अपना वर्चस्व बरकरार रखा। तीसरे चरण के तहत हुए 5 सीट में से 3 कांग्रेस की झोली में गई और 1 भाजपा एवं 1 अन्य। इस तरह 12 जिला पंचायत सदस्यों के सीटों में कांग्रेस के पक्ष में 7 और भाजपा के पक्ष में 4 एवं निर्दलीय 1 विजयी रहें। चुनाव परिणाम से कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित हैं जबकि भाजपाइयों में मायूसी छाई हैं। विधानसभा, नगरीय निकाय चुनाव के बाद भाजपा बना हुआ था। जनपद पंचायत में जहां सरकार बनाने को भाजपाई उत्साहित है वहीं जिला पंचायत के परिणाम से भाजपा हतोत्साहित नजर आ रही है। जिला गठन के बाद दूसरी बार स्थिति ऐसी बनी हैं कि कांग्रेसियों की नजर जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर जा टिकी हैं। आंकड़े कांग्रेस के पक्ष में हैं। भाजपा सीटों की संख्या में कमी आने के बाद भी कांग्रेस को वॉक ओवर देने के मूड में नहीं है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद जिले की सबसे बड़ी पंचायत की तस्वीर साफहो गई हैं। मतदाताओं ने भाजपा के उम्मीदवारों को नकार दिया हैं। भाजपा की ओर से घोषित प्रत्याशी चुनाव हार गए हैं। भाजपा के केवल 4 चेहरे ही चुनाव जीत कर जिला पंचायत पहुंचे हैं। इधर जिला गठन के बाद दूसरी बार ऐसा होगा जब जिला पंचायत में कांग्रेस को अध्यक्ष के लिए संभावना दिख रही हैं।

कहां से कौन जीता

मुंगेली ब्लाक में भाजपा तो पथरिया और लोरमी ब्लाक में कांग्रेस पर भरोसा दिखाया मतदातओं ने,, मुंगेली ब्लाक में भाजपा ने जिला पंचायत की 3 सीट जीती वही कांग्रेस को महज 1 से संतोष करना पड़ा वही पथरिया में 3 सीटे कांग्रेस को मिली वही लोरमी ब्लाक की 5 जिला पंचायत सीटों पर 3 कांग्रेस के 1 जोगी कांग्रेस और अन्य के पाले में गई।

कुछ जगहों पर निर्विरोध चुने गए प्रतिनिधि

जहा लाखो का खर्च कर प्रत्याशियों ने दम खम दिखाया वही ब्लाक में कुछ ऐसे भी पंचायत रहे जहा आपसी सामंजस्य में सरपंच और पंच बना कर एक मिशाल दिया । जिला पंचायत सदस्य हेतु पहले चरण में मुंगेली ब्लाक से भाजपा 03 एवं कांग्रेस 01 सीट से जीत दर्ज की। द्वितीय चरण में पथरिया ब्लॉक की 03 सीट में से तीनों कांग्रेस समर्थित 03 सीट मिली। तीसरे चरण में लोरमी में भी कांग्रेस ने अपना वर्चस्व बरकरार रखा। तीसरे चरण के तहत हुए 5 सीट में से 3 कांग्रेस की झोली में गई और 1 भाजपा एवं 1 अन्य। इस तरह 12 जिला पंचायत सदस्यों के सीटों में कांग्रेस के पक्ष में 7 और भाजपा के पक्ष में 4 एवं निर्दलीय 1 विजयी रहें। चुनाव परिणाम से कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित हैं जबकि भाजपाइयों में मायूसी छाई हैं। विधानसभा, नगरीय निकाय चुनाव के बाद भाजपा बना हुआ था। जनपद पंचायत में जहां सरकार बनाने को भाजपाई उत्साहित है वहीं जिला पंचायत के परिणाम से भाजपा हतोत्साहित नजर आ रही है। जिला गठन के बाद दूसरी बार स्थिति ऐसी बनी हैं कि कांग्रेसियों की नजर जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर जा टिकी हैं। आंकड़े कांग्रेस के पक्ष में हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र औराबांधा से श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर, जुनवानी क्षेत्र से श्रीमती जागेश्वरी घनश्याम वर्मा, पण्डरभट्ठा क्षेत्र से श्रीमती भारती लोकराम साहू का नाम सामने आ रहा हैं। जबकि भाजपा की ओर से क्षेत्र क्रमांक 7 धरमपुरा से श्रीमती शीलू साहू, दशरंगपुर बरेला क्षेत्र से श्रीमती दुर्गा उमाशंकर साहू का नाम आ रहा है। भाजपा सीटों की संख्या में कमी आने के बाद भी कांग्रेस को वॉक ओवर देने के मूड में नहीं है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद जिले की सबसे बड़ी पंचायत की तस्वीर साफहो गई हैं। मतदाताओं ने भाजपा के उम्मीदवारों को नकार दिया हैं। भाजपा की ओर से घोषित प्रत्याशी चुनाव हार गए हैं। भाजपा के केवल 4 चेहरे ही चुनाव जीत कर जिला पंचायत पहुंचे हैं। इधर जिला गठन के बाद दूसरी बार ऐसा होगा जब जिला पंचायत में कांग्रेस को अध्यक्ष के लिए संभावना दिख रही हैं।

मतदाता के बाद अब प्रत्याशियों की होगी चाँदी

9 जनवरी को नाम वापसी और छाप वितरण के बाद से शुरू हुआ प्रचार लगातार प्रत्याशियों के हार जीत पर खत्म हुआ, लगभग 25 दिनों के जीतोड़ मेहनत का फल क्रमशः 28 जनवरी, 31 जनवरी और 03 फरवरी को सामने आया, जहा जिला पंचायत में भाजपा के 4 सदस्य कांग्रेस के लगभग 7 सदस्य हैं वही जनपद पंचायत में कांग्रेस के 10 भाजपा के 10 सदस्य समर्थित थे, वही भाजपा नेताओं का दावा है कि मुंगेली ब्लाक के 5 अन्य सीट से जीत कर आये प्रत्याशी भी भाजपा के पाले में है वही अगर जिला पंचायत का समीकरण देखा जाय तो जिला पंचायत में जहां कई ऐसे प्रत्याशी है जो लगातार दूसरी बार जीत कर आये हैं जो शायद अपनी दावेदारी पेश कर सकते है, वही भाजपा भी अपने हाथ से इस मौके को नही जाने देना चाहती।

संभागीय बॉलीवाल बीजापुर ने ट्रॉफी में जमाया कब्जा

- 25 वर्षों से किया जा रहा सफल आयोजन
- फाइनल मुकाबले ने दर्शकों की धड़कने बढ़ाई

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। लौह नगरी में 2 फरवरी से संभागीय बॉलीवाल प्रतियोगिता जिला बॉलीवाल संघ एवं एनएमडीसी के सहयोग से किया जा रहा था। जिसका 5 फरवरी को आज समापन किया गया मुख्य अतिथि संयुक्त महाप्रबंधक श्री के.सी गुप्ता जी की उपस्थिति में खेला गया मैच। आज का पहला मैच तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए डीवीए बचेली विरुद्ध बाल संस्था किरंदुल के मध्य खेला गया। जिसमें किरंदुल ने 2 ,1 से बचेली को हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया मैच बेहद ही रोमांचक रहा। वही आज का फाइनल मुकाबला बीजापुर विरुद्ध जगदलपुर के मध्य खेला गया जिसमें बीजापुर ने 3,2 से जगदलपुर को मात देकर प्रतियोगिता की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दोनों ही टीमो के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला मैच इतना रोमांचक था की दर्शकों की धड़कने तेज हो गई। दर्शक मैच के दौरान नाचते रहे एवं अंत मे विजेता टीम बीजापुर के साथ फिल्मी गानों में थिरकते नजर आए मैच के समापन के पश्चात अतिथियों द्वारा पुरुस्कारों का वितरण किया गया जिसमें एकलव्य गीदम को उत्कृष्ट खेल एवं अनुसाशन के लिए 1000 नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरुस्कृत किया गया,तीसरे स्थान की प्राप्ति पर बाल संस्था किरंदुल को 5000 नगर राशि एवं ट्राफी देकर पुरुस्कृत किया गया,साथ ही रनरअप टीम जगदलपुर को 10,000 नगर राशि एवं ट्राफी देकर पुरुस्कृत किया गया। प्रतियोगिता की विजेता टीम बीजापुर को 20,000 नगद राशि एवं खिताबी ट्राफी देकर पुरुस्कृत किया गया। बेस्ट ऑलराउंडर का खिताब रवि जगदलपुर को,बेस्ट बूस्टर ओम बागी एकलव्य गीदम,बेस्ट स्मेसर रवि कड़ती बीजापुर,बेस्ट डिफेंस राजू यालम बीजापुर को पुरस्कृत किया गया। वही मैच के निर्णायक रेफरी फ्रेंकलिन, उमंत झाड़ी, सिमाचलम, उत्तम चौधरी, रणविजय प्रताप,टेबल रेफरी एवं स्कोरर श्रीमती सन्ध्या पात्रों को सम्मानित किया गया। मंच का सफल संचालन बचेली के जानेमाने कीर्तन साहू ने बेहतरीन अंदाज में किया। दर्शकों के मुताबिक फाइनल में जिस तरह के मुकाबले की उम्मीद की जा रही थी उसी प्रकार का खेल देखने को मिला।

मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी देने में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई : तूलिका प्रजापति

मजदूरी भुगतान विलंब से करने वाले तीन विभागों को देनी होगी 18 हजार क्षतिपूर्ति

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुण्ठपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रत्येक अकुशल श्रमिक को 15 दिवस में मजदूरी भुगतान कराने के लिए समयबद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले किसी भी निर्माण एजेंसी को कड़ी कार्यवाही से गुजरना होगा। कलेक्टर कोरिया के निर्देश पर लापरवाही बरतने वाले तीन निर्माण एजेंसियों को 18 हजार 419 रूपए की क्षतिपूर्ति राशि श्रमिकों को देनी होगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी तूलिका प्रजापति ने बताया कि जिले में सभी निर्माण एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है कि वह अपने मनरेगा कार्य के समाप्ति पर 15 दिवस के भीतर मजदूरी का भुगतान जरूर कर लें। इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश हैं कि किसी भी कार्य में लगे हुए मनरेगा श्रमिक को कार्य समाप्ति तिथि के पंद्रह दिन के अंदर उसके मजदूरी की राशि खाते में दिया जाना अनिवार्य है। इसमें यदि कोई लापरवाही करता है तो उससे मजदूरी की कुल राशि का दशमलव शून्य पांच प्रतिशत राशि व्यक्तिगत वसूल कर श्रमिकों के खातों में अंतरित की जाए। उन्होने बताया कि इसी कड़ी में तीन विभागों में श्रमिको के मस्टररोल आनलाइन भुगतान हेतु एफटीओ समय पर नहीं करने वाले निर्माण एजेंसियों से क्षतिपूर्ति हेतु प्रस्ताव जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा एवं कलेक्टर कोरिया श्री डोमन सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उनके आदेश पर क्षतिपूर्ति की राशि वसूले जाने हेतु पत्र जारी किया गया है।

जिला पंचायत की सीइओ ने बताया कि जिले में पांचो जनपद पंचायत के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतें और दस अन्य विभाग भी मनरेगा के तहत निर्माण एजेंसी के रूप में कार्यरत हैं। सभी भुगतान आनलाइन होने के कारण सभी निर्माण एजेंसियों को डिजिटल हस्ताक्षर भी जारी किए गए हैं। बीते कुछ माह से रेशम विभाग बैकुण्ठपुर, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग बैकुण्ठपुर तथा मत्स्य विभाग बैकुण्ठपुर द्वारा समयबद्ध मजदूरी भुगतान नहीं किया जाना पाया गया। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर कोरिया श्री डोमन सिंह ने कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था। विभागीय अधिकारियों द्वारा श्रमिकों के भुगतान में लापरवाही पर क्षतिपूर्ति राशि का आंकलन कर उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बस्तर मलेरिया मुक्त करने स्वास्थ विभाग का अभियान जोरों पर

- घर-घर पहुंचकर मलेरिया की जांच कर रहे कर्मचारी

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बस्तर को मलेरिया मुक्त करने का सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। बचेली नगर के विभिन्न वार्डो में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा घर घर जाकर मलेरिया की जांच की जा रही है। इस टीम में आंगनबाड़ी,स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, आरएचओ, एमटी, मितानीन शामिल है। ये कर्मचारी कड़ी धूप में भी घर घर जाकर मलेरिया की किट द्वारा जांच कर दवाइयों की खुराक भी दे रहे है जिसमे मलेरिया की पहली खुराक मरीजो को सामने रहकर दी जा रही है। जो बच्चे स्कूल जाने की वजह से घरों में मौजूद नही है उन बच्चो को इनके द्वारा स्कूलों में जाकर मलेरिया की जांच की जा रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सालाना रिपोर्ट कार्ड...

मुलाकात की तारीख की वजह से मंत्री सिंहदेव और ताम्रध्वज साहू समेत चरणदास महंत भी अलग अलग दिन व वक्त पर दिल्ली रवाना हुए थे। हालाकि सीएम भूपेश बघेल पहले ही दिल्ली चुनाव में स्टार प्रचारकों में शुमार होने की वजह से वे वहां पहले पहुंचे थे। मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया भी सभी के साथ मौजूद थे। कांग्रेस आलाकमान को छत्तीसगढ़ सरकार व्दारा 1 साल में किये गए सभी विकास कार्यों, चुनावी वादों, घोषणाओं और कर्ज माफी से लेकर आयोजनों तक को सिलसिलेवार बताया। इसके बाद राज्य सरकार के बजट के लिए भी पार्टी हाईकमान ने जरुरी निदेश दिए। प्रदेश में विभागीय कार्यों, मंत्रियों की कार्यशैली के संबंध में स्पीकर श्री महंत और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, टीएस सिंहदेव से भी कामकाज को लेकर व्यक्तिगत चर्चा की गई। लंबी चली इस मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने भूपेश सरकार के कामकाज से संतुष्टि जाहिर करते हुए सभी वर्गों और पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की नसीहत भी दी। बता दें स्वास्थ्यगत कारणों से कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी से मुलाकात नहीं हो पाई।

संगठन में नियुक्तियों को लेकर भी हुई विस्तृत चर्चा

सीएम भूपेश बघेल के अलावा, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू और विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत से उन्होंने संगठन में नियुक्तियों में देरी को लेकर भी जरुरी निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अब तक संगठन का ढांचा बन जाना चाहिए। उन्होंने नेताओं को आपसी चर्चा करके इसे तैयार करने को कहा।

मौसम ने ली करवट...

में बदलाव के तीन कारण बताते हुए कहा कि पहला कारण मध्य-महाराष्ट्र उपरी चक्रवाती घेरा, दूसरे कारण पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के पास पहुंच गया है, और तीसरा कारण उत्तरी भाग में पश्चिमी हवा-जो दक्षिण-पूर्व हवा के युगम के मिलन क्षेत्र में हल्की वर्षा की संभावना है। उन्होंने बताया कि मध्य छत्तीसगढ़ में ज्यादा बारिश उत्तर की तरफ बढ़ेगा, फिर दक्षिण की तरफ 9 फरवरी बस्तर के दक्षिण भाग में बारिश होगा। उत्तर बलरामपुर और आसपास के जिले में ओले गिर सकते हैं, जिसके कारण न्यूतम तापमान 1 से 2 डिग्री वृद्धि और इतने ही अधिकतम तापमान में भी गिरावट संभावित है।

भूपेश केबिनेट की...

बैठक 8 फरवरी को हो सकती है। मंत्रिपरिषद की बैठक में धान खरीदी के साथ-साथ बेमौसम बारिश से हुई फसलों के नुकसान की भी समीक्षा की जा सकती है।

कश्मीर में सिर्फ...

कश्मीर की पहचान सूफी परंपरा और सर्व पंथ समभाव की है। उन्होंने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला तथा फारूक अब्दुल्ला के पूर्व में दिये गये बयानों का जिक्र करते हुये कहा कि इस तरह की मानसिकता स्वीकार्य नहीं है। उनके बयानों से साफ है कि उन्हें कश्मीर की जनता पर विश्वास नहीं था। उन्होंने कहा, 'ये वे लोग हैं जिनको कश्मीर की आवाम पर भरोसा नहीं है। हमने कश्मीर की आवाम पर भरोसा किया और अनुच्छेद 370 हटाया। अब जम्मू-कश्मीर में तेजी से विकास हो रहा है।' प्रधानमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि देश कि किसी भी हिस्से के हालात बिगड़ने नहीं दिये जायेंगे, चाहे वह जम्मू-कश्मीर हो या पूर्वोत्तर के राज्य हों। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए समर्पित है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 398/2019-20
वार्ड का नाम- रविन्द्रनाथ टैगोर-51

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर-51 स्थित मकान/ भूमि 51/222/लक्ष्मी नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती अन्नू मिश्रा उर्फ वेदना मिश्रा पिता श्री व्यंशपति मिश्रा पति श्री लक्ष्मीकांत मिश्रा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री आलोक मिश्रा पिता श्री लक्ष्मीकांत मिश्रा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-06
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./43/अ-6/2019-20
ग्राम- घोटिया तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा ग्राम घोटिया के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण विश्वकर्मा पिता गुलाब सिंह जाति लोहार निवासी ग्राम तार्री थाना व तहसील गुरूर जिला बालोद के द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम घोटिया प.ह.नं. 30 तहसील कांकेर स्थित भूमि खसरा नं. 133/2 रकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि केजूराम पिता नारायण के नाम पर दर्ज है। जिसमें खातेदार केजूराम पिता नारायण की मृत्यु दिनांक 12.5.2013 को हो गई है। जिससे खाते से उनका नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज करवाने आवेदन पेश किया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 20.02.2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
कांकेर
जि. उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 409/19-20
वार्ड का नाम- कालीमाता-30

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कालीमाता-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 30/743, गांधी नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती किरण तांडी w/o स्व. कार्तिक तांडी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती क्रांति सागर पिता श्री कुंदरू जगत शाहिद खान रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 06/02/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर निगम मुख्यालय नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 397/2019-20
वार्ड का नाम- डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-63

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी-63 स्थित मकान/ भूमि 63/चर्च के पास/रावतपुरा नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती नसरीन खातून पति श्री मो. नौशाद के नाम से दर्ज है, जिसको श्री रूपचंद साहू पिता स्व. श्री शंकरलाल साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-06
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन का सम्मेलन 14 फरवरी को

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन सम्मिलन के आयोजन हेतु 14 फरवरी की तिथि नियत की गई है। ज्ञात है कि पूर्व में यह सम्मिलन 17 फरवरी को नियत किया गया था। शासन के आदेशानुसार जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन एवं सदस्यों को सूचना जारी करने हेतु संशोधित समय-सारिणी प्राप्त हुआ है, जिसके अनुसार सूचना जारी करने हेतु 7 फरवरी तथा निर्वाचन के सम्मिलन हेतु 14 फरवरी नियत की गई है। उन्होंने बताया कि विहित प्राधिकारी द्वारा निर्वाचन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए नव निर्वाचित सदस्यों को 7 फरवरी 2020 को जारी की गई ।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर
टाटीबंध, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492099
एम्स/आर/एफएस/फार्मेसी/12443/ ड्रग्स एंड मेडिसिन [आई. वी. फ्लुइड्स (8पी)] /2019/आरसी
दिनांक 05.02.2020

ई-निविदा सूचना

एम्स रायपुर प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ओपीडी एवं आईपीडी सेवाओं के लिए ड्रग्स एवं दवाओं [आई. वी. फ्लुइड्स (8 पी)] की वार्षिक दर ई-निविदा आमंत्रित करता है। विस्तृत शर्तों और प्रक्रिया के लिए एम्स की वेबसाइट www.aiimsraipur.edu.in और सीपीपीपी की वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर विस्तृत निविदा दस्तावेज उपलब्ध है। निविदा की ईएमडी 3,11,000/- रूपये है। निविदा प्रस्तुति की अंतिम तिथि 06.03.2020 को सायं 06:00 बजे तक है।

उप-निदेशक (प्रशासन)

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मंडल कार्यालय : प्लॉट नं. ए-48, रिंग रोड नं. 2 गौरवपथ, बिलासपुर (छ.ग.) फोनः (07752) 432710/729

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय, बिलासपुर का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।
ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय पंजाब नैशनल बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	गारंटर/ऋणी का नाम	बंधक संपति का विवरण एवं संपति का स्वामी	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि / कब्जा के प्रकार	मांग सूचना तिथि को बकाया राशि	प्राधिकृत अधिकारी का नाम
1.	ऋणी- आस्था फ्लाई एश ब्रिक्स प्रोप. संतोष डहरिया,पंजीकृत पता- ग्राम- दौना, पोस्ट- अण्डा, तहसील- पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) पिनकोड- 495224 ।	भूमि का खसरा नं. 412, प.ह.नं. 29, कुल क्षेत्रफल 31828 वर्गफुट (प्लांट, भवन व मशीनरी सहित) संतोष डहरिया पिता- दुखीराम के नाम पर जो ग्राम- दौना, पोस्ट- अण्डा, तहसील- पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.) में स्थित है । अचल संपत्ति का सीमा विवरण: उत्तर की ओर- तालाब, दक्षिण की ओर- मोहन लाल की भूमि, पूर्व की ओर- दौना सरगांव रोड, पश्चिम की ओर- सियाराम की भूमि ।	06.04.2019 / 01.02.2020 / सांकेतिक कब्जा	₹ 23,55,610.50/- + ब्याज देय दिनांक 01.04.2019 से + अन्य खर्च।	श्री कैलाश झा मो. 9971888550

दिनांक : 06.02.2020, स्थान : बिलासपुर
प्राधिकृत अधिकारी / पंजाब नैशनल बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक
बधाई...
शुभकामनाएं...
विनीतः वन परिक्षेत्र अधिकारी
रेंज कोरर, जिला-उ.ब. कांकेर

दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
श्रीमती सरोज जितेंद्र ठाकुर
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद कॉकेर
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
शादाब खान
(मोनू)
पार्षद वार्ड क्रमाक 11 महादेव वार्ड
मक़बूल खान
नवनिर्वाचित, उपाध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद कांकेर
समय पर समेकित कर पटाएं, जल का दुरुपयोग ना करें
शहर को सुंदर बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक नव प्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
मान. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. रुद्र कुमार गुरु
प्रभारी मंत्री
विनीत : एक शुभचिंतक कांकेर

पेड़ लगाओ देश बचाओ,
पेड़ लगाओ जीवन बचाओ,
जीवन खुश हाल बनाओ।
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8 वर्ष
पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नवप्रदेश
विनीतः वन संरक्षक कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर

मान. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. टीएस सिंहदेव
मंत्री, छ.ग. शासन
मान. सलाम रिजवी
चेयरमेन, छग प्रदेश वक्फ बोर्ड
दैनिक नवप्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नवप्रदेश
सैयद महफूज अली
पूर्व अध्यक्ष
अल्पसंख्यक आयोग बस्तर संभाग

बेमिसाल
8 साल
Anniversary
नवप्रदेश
दैनिक नव प्रदेश
के बेमिसाल 8
वर्ष पूरे होने पर
हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
कांकेर जिला
स्वच्छता दर्पण रैंकिंग
(ग्रामीण क्षेत्र) में पूरे
देश में प्रथम स्थान
डॉ. संजय कन्नौजे
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर
सूखे और गीले कचरे को अलग निपटाएँ, आओ घर और गाँव स्वच्छ बनाएँ
सूखे और गीले कचरे का अलग-अलग निपटान करें
DRY
WET
शिशु हो या बच्चा, मल का निपटान इज़्ज़त घर में ही अच्छा

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

नवनिर्वाचित सरपंच सुनील मरकाम एवं
वार्ड पंच कमल मरकाम द्वारा समस्त
ग्राम वासियों को हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत गोना विकासखंड मैनपुर जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

ग्राम पंचायत अमाड़ नवनिर्वाचित
सरपंच पुरतम मांझी समस्त ग्राम वासियों
को हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत अमाड़, मैनपुर जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

ग्राम पंचायत कोकड़ी मैनपुर नवनिर्वाचित
सरपंच सखाराम मरकाम समस्त ग्राम वासियों को
हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत कोकड़ी, मैनपुर जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

ग्राम पंचायत भाटी गढ़ मैनपुर नवनिर्वाचित
सरपंच जिनेन्द्र नेगी
समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत भाटी गढ़ मैनपुर जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

नवनिर्वाचित सरपंच खेलन दीवान
ग्राम पंचायत गोपालपुर
समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत गोपालपुर मैनपुर जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

नवनिर्वाचित सरपंच कैलाश नेताम ग्राम पंचायत
साहिबद कछार समस्त ग्राम वासियों को
हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

ग्राम पंचायत साहेबीन कछार मैनपुर जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

वनो व वन्य प्राणियों की
रक्षा करें वनों को
आग से बचाएं वन परिक्षेत्र
अधिकारी उत्तर उदंती

वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती मैनपुर जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

नवनिर्वाचित जनपद सदस्य मैनपुर ब्लॉक
मुख्यालय क्रमांक 3 से
भारी मतों से विजई भाई मनोज मिश्रा
समस्त ग्राम वासियों एवं
क्षेत्रवासियों हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

जनपद पंचायत मैनपुर ब्लॉक, जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य
भाई संजय नेताम, समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

जिला पंचायत मैनपुर, जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

क्षेत्र क्रमांक 01 से जनपद सदस्य
डाकेश्वर नेगी समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक आभार एवं शुभकामनाएं

जनपद पंचायत मैनपुर ब्लॉक, जिला-गरियाबंद

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

विनीत - ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मैनपुर

दैनिक नव प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश

संकलनकर्ता
राधेश्याम पटेल

संवाददाता, मैनपुर, 7987478036, 8827914851

बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
के आठवें स्थापना दिवस पर
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
हार्दिक शुभकामनायें
मा. भुपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. मो. अकबर भाई जी
विधायक कवर्धा एवं
केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
कन्हैया अग्रवाल
जिला - कबीरधाम छ.ग.
विनीत - कन्हैया अग्रवाल, प्रथम अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व प्रदेश सचिव छ.ग. , जिला - कबीरधाम


दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
के आठवें स्थापना दिवस पर
बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश
बधाई एवं शुभकामनाएँ
- सौजन्य -
समस्त ठेकेदार छत्तीसगढ़ रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन
लिमि. कवर्धा, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

आशा मिनरल्स परिवार
की ओर से
दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
के आठवें स्थापना दिवस पर
बेमिसाल 8 साल Anniversary नव प्रदेश
हार्दिक शुभकामनायें
श्रीमती आशा तम्बोली
मान. श्याम तम्बोली
विनीत -आशा मिनरल्स , जिला - कबीरधाम

गढ़बो पोट्ठ छत्तीसगढ़
नि:शुल्क उपचार की देश में सबसे बड़ी योजना
डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना
प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशन कार्ड धारी परिवारों को
₹05 लाख तक
अन्य राशन कार्ड धारी परिवारों को
₹50 हजार तक
मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना
विशेष जरुरतों पर
₹20 लाख तक
स्मार्ट कार्ड से नहीं, अब राशन कार्ड से होगा उपचार
टोल फ्री नंबर
104
इलाज सबका - जिम्मा हमारा
पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन के जनवरी अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्कैन करें।
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ संवाद/ आर.ओ. 24071/1